
Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919


# ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत, भाई गंभीर रूप से घायल

## कानपुर से साइटिका की दवा लेने अकबरपुर आते समय रनियां में हुआ हादसा

संवाददाता रनियां

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के राजेंद्रा ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि साथ में बैठे दूसरे युवक की हालत गंभीर है। उसे जिला अस्पताल भेजा गया है।


सनी प्रजापति


हादसे के बाद मौजूद भीड़। अमृत विचार

कानपुर नगर में अफीम कोठी निवासी सनी कुमार प्रजापति (42) को साइटिका की बीमारी थी। जिसकी दवा लेने के लिए गुरुवार को सनी बाइक से अपने चचेरे भाई अंकित (30) के साथ अकबरपुर साठिका की दवाई लेने जा रहा था। उसी दौरान राजेंद्र ओवरब्रिज के पास कानपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने हाईवे की सर्विस रोड पर बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार रोड पर जा गिरे और ट्रक सनी कुचलता हुआ निकल गया। जिससे सनी के सिर में गंभीर चोट आ जाने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चचेरा भाई अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने एंबुलेंस के जरिए घायल को जिला अस्पताल अकबरपुर भेजा।

जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर ईएमओ डॉ. निशांत पाठक ने उसे कानपुर हैलट रेफर कर दिया। सनी की मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया और मृतक की पत्नी गेंदा देवी, पिता शिव कुमार, बेटा प्रिंश, बेटी महक आदि का रो रोकर बुरा हाल है। एसओ महेंद्र पटेल ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अभी किसी तरह की तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## थ्रेसर में साड़ी फंसने से महिला की मौत

**कानपुर देहात।** दमनपुर गाँव में फसल की थ्रेसिंग करवाने के दौरान एक महिला की साड़ी मशीन में फसने से गंभीर रुप से घायल हो गई परिजन इलाज के लिए कानपुर ले जा रहे थे रास्ते में महिला की मौत हो गई। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी है।

राजपुर थाना क्षेत्र के दमनपुर गाँव निवासी महेन्द्र पाल की पत्नी मीरा देवी (48) बुद्धवार को खेत पर पुत्र सत्यम के साथ गेहूं की फसल की ट्रैक्टर से थ्रेसिंग करवा रही थी। थ्रेसर में वह गेहूं की मूंठ दे रही थी। इसी दौरान मीरा की साड़ी थ्रेसर की साफ्ट में फंस गई। वहां पर चीखपुकार मच गई। आननफानन ट्रैक्टर को बंद कर थ्रेसर को रोका गया। लेकिन तब तक मीरा गंभीर रूप से घायल हो चुकी थी। परिजन उसे इलाज के लिए कानपुर ले जा रहे थे रास्ते में मीरा ने दम तोड़ दिया। परिजनों में कोहराम मच गया। बेटा सत्यम बेटी साधना मां के शव से लिपटकर बिखलती रही।

# निकली शोभायात्रा, गूंजे जयकारे

मंगलपुर/डेरापुर, मूसानगर

**अमृत विचार।** कस्बे में बुधवार को रामनवमीं पर भक्तों ने भगवा ध्वज लेकर विशाल बाइक यात्रा निकाली। जिसमे हिंदू संगठन के कार्यकर्ता, युवा, बच्चे शामिल हुई। यात्रा के दौरान भक्तों में गजब का उत्साह देखने को मिला। बाइक यात्रा में भक्त डीजे की धुन में मगन होकर श्रीराम के जयकारे लगाते हुए मंगलपुर चौराहा स्थित सरकारी स्कूल से, तिराहा, पक्का तालाब, प्राचीन बाबा चतुर्भुज मंदिर होते हुए माता शीतला मंदिर पहुंचे। जहां पर भक्तों ने माता शीतला का विधि विधान से पूजन किया। इस दौरान जगह-जगह पानी, शर्बत, लस्सी की व्यवस्था की गई थी। बाद में भंडारे में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूर्व प्रधान धीरेंद्र गौर उर्फ धीरू ने बताया कि पुलिस प्रशासन की निगरानी में शांतिपूर्वक माहौल में यात्रा रैली निकाली गई है। इसी तरह डेरापुर में नवमी पर भक्तों ने देवी मंदिरों व घरों में विधिविधान से हवन पूजन किया। मुर्रा गांव में मां कल्याणी देवी मंदिर परिसर में प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी जवारा यात्रा निकाली गई। युवक व युवतियां में बाने लगवाकर माता के पूजन के लिए पहुंचे। वहीं मेले में लोगों ने जरूरत के सामान की खरीदारी की। वहीं मूसानगर क्षेत्र के किसवा दुरौली गांव की लक्ष्मी देवी ने अपने पूरे बदन में जवारे बोए थे। गांव के अशोक कुमार, सुख वासी, रामबिलास, प्रताप, रामप्रकाश ने बताया कि बुधवार को माता के जवारे निकाल कर गांव में भ्रमण कराया गया। वहीं माता के भक्त बड़ी बड़ी सांग लगवा कर नृत्य करते रहे। लोग बेटी लक्ष्मी की सराहना करते रहे कि नौ दिनों तक बिना कुछ खाए पिए एक ही मुद्रा में स्थिर रह कर पूरे शरीर में जवारे उगाकर वह मां की आराधना करती रही। वहीं रनियां में रामनवमी पर नगर पंचायत के चिटिकपुर हाईवे के पास स्थित बजरंग नगर हनुमान मंदिर से प्रभु श्रीराम की भव्य शोभायात्रा रामनवमी सेवा समिति के द्वारा निकाली गई। जिसमें श्रीराम-सीता व हनुमानजी की झांकियां आकर्षण का केंद्र रही।


राजपुर में बाजे-गाजे के साथ निकली शोभा यात्रा।

# चिंगारी से 50 बीघा गेहूं की फसल राख

संवाददाता पुखरायां

- बीस बीघा गेहूं की फसल के अवशेष भी जले, दमकल ने पहुंच कर पाया काबू

**अमृत विचार।** कैथरा गांव में विद्युत लाइन के तार आपस में टकराने से निकली चिंगारी से करीब 50 बीघा गेहूं की फसल व करीब 20 बीघा फसल के अवशेष जल गए। सूचना पर पहुंची दमकल ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया।

भोगनीपुर तहसील क्षेत्र के कैथरा गांव निवासी जफर हुसैन के नलकूप के लिए निकली विद्युत लाइन तेज हवा के चलते आपस मे टकरा गई। जिससे निकली चिंगारी से नीचे खड़ी गेहूं की फसल में आग लग गई और किसानों में हड़कंप मच गया। किसानों ने जानकारी लेखपाल अभिषेक को दी गई। जिसपर वह मौके पर पहुंचे। लेखपाल ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास करते हुए दमकल को जानकारी दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के कर्मियों ने आग पर काबू पाया, लेकिन जब तक करीब 50 बीघा गेहूं फसल व करीब 20 बीघा गेहूं फसल के अवशेष जल गए। लेखपाल ने बताया कि कैथरा गांव निवासी अरविंद सिंह, रविंद्र सिंह, शिवेंद्र सिंह, देवरती, अतीश सिंह, अंशु सिंह, गीता देवी, प्रभा देवी, बलवंत सिंह, ममता यादव, राजाराम, सोवरन सिंह, संजू सिंह, कुसमा देवी, मथुरा देवी, जगपाल सिंह, रविन्द्र रहसपती, अर्जुन सिंह, गजराज सिंह, गंगा सिंह, बलवीर सिंह, राजू, गजराज, गोविंद सिंह, नरेश कुमार, राजेंद्र सिंह, उमावती, जफर हुसैन, मजहर हुसैन, धर्म सिंह, रमाधार सिंह, शिव सिंह, अजूबी सिंह, जगपाल सिंह, नैंसी, रविंद्र, सचिन, संतोषी, कोमल सिंह, चंद्रपाल, चरनसिंह, बलराम सिंह, शशि, जसवंत सिंह, ब्रजकुमार, रामसरन, बलवान सिंह, रामसुमिरन, सोने सिंह, अमित सिंह, जगत सिंह, बलराम सिंह, रामबाबू, विवेक, रामदुलारी, दशरथ सिंह, कृष्ण कुमार, गंगाराम, जगत सिंह, पुतती लाल, फूलवासा, मजबूत सिंह, अतीश सिंह, अंशु सिंह, गीता देवी, प्रभा देवी, बलवंत सिंह, ममता यादव, राजाराम, सोवरन सिंह, संजू सिंह आदि किसानों की गेहूं की करीब 50 बीघा फसल व करीब 20 बीघा फसल अवशेष जले हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे तहसीलदार सुनील कुमार, क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षक रामगोपाल यादव ने लेखपाल अभिषेक भांति के साथ क्षति का आकलन किया। इसके बाद रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजी गई। उधर शिवली के खलकपुर गांव में अचानक से किसान रामनाथ के खेत में गेहूं की फसल में आग लग गई। ग्रामीण जब तक आग पर काबू पाते। इसी बीच हवा मान सिंह के पशु बाड़े में आग लग गई। यहां खड़ी बाइक, सामान व भूसे का कूप जलकर राख हो गया। सूचना पर फायरब्रिगेड कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाई। लेखपाल सर्वेश पाल भी मौके पर पहुंचे।


कैथरा गांव में जली गेहूं की फसल।

## भैंस ने तीन लोगों को किया घायल

**पुखरायां।** भोगनीपुर कोतवाली क्षेत्र के रामस्वरूप पीजी कालेज के सामने बैलाही बाजार में बुधवार को एक व्यापारी की भैंस ने महिला सहित तीन लोगों को घायल कर दिया।

किदवई नगर निवासी आकाश ने बताया कि रामस्वरूप ग्रामोद्योग पीजी कॉलेज के सामने बुधवार को बैलाही बाजार में व्यापारी द्वारा लाई गई एक भैस अचानक बिदक कर भागने लगी। जिसकी चपेट में आकर किदवई नगर के वेद प्रकाश (70), रामजी (45) और जरीना बेगम (65) पत्नी जुग्गन घायल हो गए। घटना से बैलाही बाजार में अफरा-तफरी मच गई।

# मां सिद्धिदात्री का पूजन कर भक्तों ने चढ़ाए जवारे

संवाददाता मूसानगर

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र की नवमीं पर बुधवार को मां दुर्गा के नौवें स्वरूप माता सिद्धिदात्री का पूजन कर अज्ञान व संकट से मुक्ति और कल्याण की कामना की गई। मां मुक्तेश्वरी मंदिर में सुबह से माता के जयकारों व घंटों की ध्वनि गूंजती रही। महिलाओं ने देवी रूपी कन्याओं को भोज कराया। इसके बाद व्रत का पारण किया।

मूसानगर यमुना तट पर स्थित पौराणिक सिद्धपीठ माता मुक्तेश्वरी मंदिर में नवरात्र के अंतिम दिन दूरदराज से आए श्रद्धालुओं ने दर्शन कर माथा टेका और पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। माता मुक्तेश्वरी मंदिर में दर्शनार्थियों की सुबह से ही भीड़ उमड़ पड़ी। महिलाएं सिर में जवारे रख कर मंदिर पहुंचीं और मां के चरणों में चढ़ा कर परिवार में सुख, शांति व समृद्धि की कामना की। वहीं लोगों ने लेट कर दंडवत प्रणाम करते हुए मां के दर्शन किए।


मां मुक्तेश्वरी मंदिर में जवारे चढ़ाने जातीं महिलाएं। अमृत विचार

### माता का पूजन कर निकली भव्य शोभायात्रा

राजपुर। चैत्र नवरात्रि पर कस्बे के शीतला माता मंदिर में श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के नवें स्वरुप माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर मुरादें मांगी। वहीं आखरी दिन रामनवमी पर देवी भक्तों ने कस्बा राजपुर में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण जी, हनुमान जी, मां दुर्गा व शीतला माता की भव्य शोभा यात्रा निकाली, जो सत्संग चौक से लेकर कस्बे की विभिन्न मार्गों से होकर गुजरी। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति गीतों पर थिरकते नजर आए। देर शाम तक जवारों के विसर्जन का कार्यक्रम चलता रहा। यात्रा में अवध विश्नोई, दिनेश मिश्रा, जमींपाल सिंह, भाल प्रधान बब्बन दीक्षित आदि रहे।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की टक्कर से युवक की मौत

संवाददाता,मंगलपुर

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के जैतीपुर कुंतलिया गांव के बीच में चचेरे भाई की बारात का सामान लेने जा रहे बाइक सवार युवक को तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे घटना स्थल पर ही बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मौत से गुस्साए परिजनों ने शव को झीझक रसूलाबाद मार्ग पर रख कर जाम लगा दिया। कार्यवाही किए जाने के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जाम खोला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है।

मिली जानकारी के मुताबिक थाना रसूलाबाद क्षेत्र के भवनपुर गांव निवासी प्रेम नारायण (40) के चचेरे भाई पुष्पेन्द्र की 19 अप्रैल को बारात जानी थी। जिसको लेकर बुधवार की सांय करीब साढ़े 4 बजे बाइक से कस्बा झीझक बारात का सामान लेने के लिए बाइक से जा रहा था ।तभी थाना मंगलपुर क्षेत्र के जैतीपुर कुंतलिया गांव के बीच में झीझक से रसूलाबाद जा रही तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार प्रेम नारायण की घटना स्थल पर ही मौत हो गई ।स्कॉर्पियो आगे जाकर सड़क के किनारे जाकर पलट गई।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# दिव्यांगजन अधिकारी सुरभि की यूपीएससी में 56वीं रैंक

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- कानपुर के कल्याणपुर की रहने वाली है सुरभि, पिता औरैया में बीईओ

**अमृत विचार।** मंगलवार को संघ लोग सेवा आयोग द्वारा सिविल सेवा 2023 के जारी परीक्षा परिणाम में कानपुर निवासी व जनपद में तैनात जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सुरभि ने 56वीं रैंक पाकर सफलता हासिल की है। इसपर सीडीओ, डीडीओ समेत अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने उन्हें बधाई दी है।

कानपुर नगर के कल्याणपुर निवासी जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी सुरभि ने बताया कि उनके पिता जनपद औरैया के अछल्दा विकासखं डमें खंड शिक्षा अधिकारी हैं। उनकी मांग गृहणी हैं। उनसे छोटी बहन वैष्णवी श्रीवास्तव बंगलुरू की एक कंपनी में कार्यरत है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022 में उनकी चयन जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी के तौर पर हुआ था। जिसके बाद उन्हें जनपद कानपुर देहात में तैनाती दी गई। नौकरी पर होने के बावजूद उन्होंने सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करती रहीं। मंगलवार को जारी परिणाम में उन्हें 56वीं रैंक मिलने की जानकारी हुई। दिव्यांगजन अधिकारी सुरभि ने इस सफलता का श्रेय पिता जगदीश श्रीवास्तव व मां अर्चना को दिया है। चयन पर सीडीओ लक्ष्मीं एन., डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, उपकृषि निदेशक रामबचन राम आदि ने बधाई दी।


सुरभि।

### बच्चे ने खेल-खेल में पिया ऑलआउट लिक्विड

**पुखरायां।** 2 वर्षीय बच्चे ने खेल-खेल में आलआउट पी लिया। कस्बा के शास्त्री नगर के शाहरूख ने बताया कि उनका दो वर्षीय भतीजा हुमैरा घर में खेल रहा था तभी आलआउट पी गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया।

# रामनवमी पर जय श्रीराम के जयकारों से गूंजा शहर

## मंदिरों और घरों में मनाया गया श्री राम जन्मोत्सव, बजे घंटे-घड़ियाल, भजन-कीर्तन से माहौल भक्तिमय हुआ

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** भए प्रगट कृपाला दीनदयाला कौशल्या हितकारी, हर्षित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी... रामचरितमानस के इस दोहे में वर्णित श्री राम के जन्म का उल्लास बुधवार को दोआबा में दिखाई दिया। घरों से लेकर मंदिरों तक घंटे व घड़ियाल बजाकर भगवान के जन्मोत्सव पर पूजन-अर्चन हुआ। वहीं भजन-कीर्तन से माहौल भक्तिमय बना रहा।

शहर के कालिकन मंदिर में समिति की ओर से बुधवार दोपहर में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। घंटे घड़ियाल के साथ भगवान का दुग्धाभिषेक किया गया और उसके बाद पूजन हुआ। आरती संपन्न होते ही श्रीराम के जयकारे गूंज उठे। उपस्थित भक्तों के सैलाब में प्रसाद वितरण कराया गया। जबकि भजन कीर्तन का भी सिलसिला भी चला। इसी तरह जिले के अन्य मंदिरों में भी श्रीराम का ज्नमोत्सव मनाया गया। दोपहर बारह बजते ही घंटे घड़ियाल बजने लगे। मंदिरों व घरों में दोपहर में भए प्रगट कृपाला दीन दायाला कौशल्या हितकारी की चौपाइयां गूंजती रहीं। रामनवमी में भक्तों का उत्साह कुछ ज्यादा ही रहा। शहर के विभिन्न स्थानों से निकली शोभा यात्रा एक साथ मिलकर जुलूस के रूप में तब्दील हो गई।

शहर के रेलबाजार से सुनीत सिंह डब्बू, संजय मिश्रा, संतोष शुक्ला, मुकेश सिंह, राजेश्वर सिंह, मनीष शुक्ला, संतोष श्रीवास्तव, समेत अन्य तमाम भक्तों ने शोभा यात्रा निकाल रामलीला मैदान से निकले शोभा यात्रा में शामिल हुए। उधर, रामलीला मैदान से बड़े पैमाने पर भक्तों ने शोभा यात्रा निकाली। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चप्पे चप्पे पर पुलिस लगी रही।



कालिकन मंदिर में भगवान श्रीराम का जलाभिषेक करते भक्त।



राम, लक्ष्मण सीता व हनुमान जी की निकाली गयी झांकी।



शोभायात्रा में शामिल नगर पंचायत अध्यक्ष नीरज सिंह सेंगर।

### अश्वत्थामापुरी के रामनवमी में दिखा सौहार्द

असोथर। अश्वत्थामापुरी असोथर में रामनवमी के दिन सौहार्द और भाईचारे की मिसाल पेश की गई। शोभायात्रा नगर के प्राचीन अश्वस्थमा बाबा मंदिर से जब यात्रा शुरू होकर गुजरी तो यहां हिंदू मुस्लिम एकता का भी सौहार्द देखने को मिला। राम भक्तों ने यहां जय श्रीराम के जयकारे लगाए। वहीं मुस्लिम भाइयों ने उन पर फूल बरसाए। तमाम राम भक्तों ने नगर पंचायत को जय श्रीराम के जयकारों से गुंजायमान कर दिया। केसरिया साफा पहने राम भक्तों की टोली देखते ही बनी। शोभा यात्रा मंदिर से रामनगर कौहन मार्ग, गुप्ता मोहल्ला, मुस्लिम टोला, पुरानी बाजार, ब्लॉक मुख्यालय, बस स्टॉप और प्रताप नगर झाल तिराहा होते हुए प्राचीन ब्रह्मदेव मंदिर पहुंची। इस दौरान शोभायात्रा का जगह-जगह फूलों से स्वागत किया गया। तमाम लोगों की भीड़ ने त्यौहार को यादगार बना दिया। वहीं पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर दिखा। चारों तरफ पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता देखी गई। ड्रोन कैमरा से भी शोभायात्रा पर निगरानी रखी गई। जगह जगह ग्रामीणों और समाजसेवियों द्वारा भंडारे और शरबत वितरण का आयोजन किया।

### धाता में धूमधाम से निकली श्री राम की सवारी

धाता। कस्बे में राम नवमी के अवसर पर बुधवार को गाजे बाजे के साथ श्रीराम की सवारी निकाली गयी। जिसमें तमाम श्रद्धालुओं ने प्रतिभाग करते हुए जयश्रीराम के जयकारे लगाए। जुलूस सोनारी रोड बाईपास में वीरेंद्र केसरवानी के प्रतिष्ठान से उठकर पुरानी बाजार, रावण मैदान होते हुए दीप नारायण तिराहा पर पहुंच कर संपन्न हुआ। शोभा यात्रा में मौजूद लोग जय श्रीराम का जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। जिससे पूरा कस्बा राममय हो गया। जुलूस में धाता थानाध्यक्ष वृंदावन राय मय फोर्स के मौजूद रहे। जुलूस में मुख्य रूप से वीरेंद्र केसरवानी, वीरू द्विवेदी, रितेश सोनी, अभय, अट्टू केसरवानी, मोना केसरवानी, देवेश त्रिपाठी, उत्कर्ष जायसवाल, वेद प्रकाश, दीपू पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने निकाला जुलूस। अमृत विचार

# बिंदकी में शोभायात्रा पर बरसे फूल, आतिशबाजी

संवाददाता, बिंदकी

**अमृत विचार।** श्रीराम जन्मोत्सव के मौके पर श्रीराम भक्त सेवा समिति द्वारा सुंदर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। प्रमुख मार्ग में भ्रमण करते हुए मंदिरों में पहुंच कर पूजा अर्चना की गई। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। शोभायात्रा में झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। जगह-जगह फूलों की वर्षा की गई। यात्रा के दौरान एडीएम तथा एएसपी सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

श्री हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। गांधी चौराहा होते हुए मां ज्वाला देवी मंदिर पहुंची। जहां पूजा अर्चना की गई। वहां से वापस गाजे बाजे के साथ गांधी चौराहा, गांधी चौराहा, घियाही गली, किराना गली, बजाजा गली होते हुए फाटक बाजार से मेन बाजार होते हुए खजुहा चौराहा समेत अन्य प्रमुख मार्गों में भ्रमण किया गया। लोगों को जगह-जगह स्टाल लगाकर ठंडा शरबत पिलाया गया। एडीएम अविनाश त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्र, उप जिलाधिकारी अभिनीत कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार दुबे, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडेय समेत अन्य पुलिस बल सुरक्षा में लगा रहा। इस मौके पर जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल, सेवा समिति के अध्यक्ष ओम जी हिंदू के अलावा भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मधुराज विश्वकर्मा, वीरेंद्र दुबे, रामलीला कमेटी अध्यक्ष रामजी गुप्ता, राजेंद्र कुमार आदि लोग शामिल रहे।



गाजे-बाजे के साथ निकाली जा रही शोभायात्रा।

# खेत में आग लगने से 60 बीघा फसल जलकर राख

संवाददाता, गाजीपुर

- ग्रामीणों ने आग पर खुद ही पाया काबू

**अमृत विचार।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के खेत में भीषण आग लग गई। जिसमें साठ बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। मामले की जानकारी पर ग्रामीणों ने खुद ही किसी तरह से आग पर काबू पाया। मामले की जानकारी पर राजस्व विभाग की टीम ने पहुंचकर मौका मुआयना किया।

गाजीपुर थाना क्षेत्र के लोधन डेरा मजरे सिमौर व गम्भरी के बीच जंगल में बुधवार को सतेन्द्र सिंह गम्भरी के बाग से लगभग एक बजे अचानक गेहूं के खेत में आग लग गई। ग्रामीण कुछ समझ पाते उससे पहले देखते ही देखते आग ने अपना विकराल रुप धारण कर लिया था। आस पास के लगभग 60 बीघे गेहूं के फ़सल को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपट देख आस पास सिमौर व गम्भरी के लोगों ने मौके पर जाकर आग बुझाई। स्थानीय किसानों ने फायर ब्रिगेड को सूचित किया लेकिन मौके से न पहुंचने पर नाराजगी जताई। सूचना मिलने पर राजस्व टीम व पुलिस मौके पर पहुंच। किसानों से नुकसान होने की जानकारी लेते हुए सर्वे किया। जहां गया प्रसाद कामता की चार बीघा, रामेन्द्र दो बीघा, ज्ञान शंकर दो बीघा, काशी प्रसाद तीन बीघा, सुशील सिंह तीन बीघा, सतेन्द्र सिंह 30 बीघा, विनायक 12 बीघा निवासी गम्भरी व राम गोपाल की एक बीघा, नक्काली की एक बीघा, मेवा मोहन दो बीघा, रानी देवी दो बीघा निवासी लोधन डेरा सिमौर समेत कई किसानों की फसल जलकर राख हो चुका था।

## सिलेंडर लीक होने से घर में लगी आग

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के अहमदगंज तिहार गांव में खाना बनाते वक्त सिलेंडर लीक होने से एक घर में भीषण आग लग गई। जिसमें घर में रखी गृहस्थी व दहेज का सामान जलकर राख हो गया। किसी प्रकार से ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

किशनपुर थाना क्षेत्र के अहमदगंज तिहार गांव निवासी मलखे पुत्र भोंडा की पुत्री की शादी 18 अप्रैल को होनी थी। उससे ठीक एक दिन पूर्व बुधवार को देर शाम खाना बनाते वक्त सिलेंडर लीक हो गया। सिलेंडर लीक होने की वजह से मकान में भीषण आग लग गई। आग लगने की वजह से घर में रखी गृहस्थी व दहेज का सामान भी जलकर राख हो गया। बताया जा रहा है कि मलखे निषाद ने अपनी पुत्री रूची देवी की शादी बांदा जनपद की कमासिन थाना क्षेत्र के कठार गांव में तय की थी। गुरुवार 18 अप्रैल को बारात की तैयारियां घर में चल रही थी। रिश्तेदारों व बारातियों के स्वागत के लिए मिठाई बनाने का काम किया जा रहा था। इस दौरान अचानक सिलेंडर लीक हो गया जिसकी वजह से घर में आग लग गई। जिसमें दहेज में देने के लिए रखा सामान भी जल कर राख हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि मलखे बेहद गरीब परिवार से हैं लड़की की शादी धूमधाम से करने के लिए वह वर्षों से उसने मेहनत कर रुपए इकट्ठा किए थे। शादी से एक दिन पूर्व घर में आग लगने कीवजह से परिवार बेहद ही परेशान हैं।

# मर्जी से स्कूलों का समय नहीं बदल पाएंगे बीएसए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** ग्रीष्मकाल या शीतकाल में स्कूल के समय में बदलाव अब बीएसए अपने स्तर पर नहीं कर सकेंगे। स्कूल शिक्षा विभाग ने इस पर पाबंदी लगा दी है।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को जारी सर्कुलर में कहा गया है कि शीतलहर, कोल्ड-डे और ग्रीष्मकाल में अधिक तापमान, हीट-वेव की स्थिति में स्कूलों के समय में परिवर्तन संबंधित आदेश स्वतः संज्ञान लेकर जारी न किए जाएं। बेसिक शिक्षा अधिकारी अवकाश तालिका में वर्णित समय में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं कर सकते हैं। कक्षा एक से आठ तक के विद्यालय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में फिलहाल समय परिवर्तन नहीं होगा। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने जारी पत्र में स्पष्ट किया है कि 29 दिसंबर 2023 को जारी अवकाश तालिका के अनुसार विद्यालय का शैक्षिक समय एक अप्रैल से 30 सितंबर 2024 तक सुबह आठ से अपरांह दो बजे तक रहेगा।

निदेशक का कहना है कि कुछ जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारी विद्यालय समय में परिवर्तन कर रहे हैं जो उचित नहीं है। निर्देशित किया है कि परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालय में एक अप्रैल से 30 सितंबर 2024 तक सुबह आठ से अपरांह दो बजे तथा एक अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक सुबह नौ से अपरांह तीन बजे तक विद्यालय संचालित किए जाएंगे।

## सार-संक्षेप

### महिला डॉक्टर पर नस काटने का आरोप

**मंगलपुर।** औरैया जिले की रहने वाली एक महिला ने मंगलपुर कस्बे में संचालित एक क्लीनिक की प्राइवेट डाक्टर पर गर्भपात करने के दौरान आंत की नस काटने का आरोप लगाकर पुलिस से शिकायत की है। महिला ने पुलिस को बताया कि वह बीते माह जनवरी में ढाई माह की गर्भवती थी। उसकी तबीयत अचानक खराब होने पर वह इलाज के लिए मंगलपुर तिराहा स्थित एक क्लीनिक की प्राइवेट डॉक्टर के यहां गई थी। डॉक्टर ने परामर्श को मानकर उसने इलाज शुरू कराया। आरोप है कि डाक्टर ने गर्भपात के दौरान उसके आंत की नस काट दी। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। इसपर डाक्टर व उसके पति ने उसे अकबरपुर कस्बे के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां भी सही तरीके से इलाज नहीं हो पाया और दिक्कत बढ़ने पर कानपुर नगर में इलाज चल रहा है। पुलिस ने निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की बात कही है।

### डांस का वीडियो वायरल, प्रधान समेत छह पर केस

**मंगलपुर।** थाना क्षेत्र के कुदौली गांव में मेला व रामलीला का आयोजन किया जा रहा है। जिसे देखने के लिए दूरदराज से लोग भी पहुंच रहे हैं। इसी बीच एक वीडियो रामलीला के मंच का बताकर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें बार-बालाओं के संग एक व्यक्ति ठुमके लगाता नजर आ रहा है, जो ग्राम प्रधान बताया जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामला संज्ञान में लेकर छानबीन की। थाना प्रभारी देवेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो को संज्ञान में लेकर कुदौली ग्राम प्रधान व छह अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### चुनाव ड्यूटी को लेकर दिए निर्देश

**फतेहपुर।** 12वीं वाहिनी मुख्यालय मे सेनानायक सर्वानंद सिंह यादव द्वारा लोकसभा चुनाव- 2024 के प्रथम चरण के चुनाव को सकुशल संपन्न कराने के लिए चुनाव ड्यूटी जाने वाली कंपनियां एडीजी और एच प्रथम चरण के निम्न जनपदों रामपुर, बिजनौर आदि चुनाव ड्यूटी प्रस्थान करने से पहले उन्होंने ब्रीफ किया गया। जिसमें आदर्श आचार संहिता- 2024 का पालन करने के लिए निर्देश दिया। सेनानायक द्वारा कान्वे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर शिविरपाल सहायक अनिल कुमार त्रिपाठी, आउटडोर प्रभारी पीसी सत्येंद्र सिंह, सूबेदार सैन्य सहायक पीसी शिवशंकर सिंह व अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### महिला को मारपीट कर किया लहूलुहान

**जाफरगंज।** थाना क्षेत्र के गजयीपुर गांव निवासी अवन कुमारी पत्नी बलराम निषाद ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बुधवार को औंग थाना क्षेत्र के मानिकपुर गांव निवासी संतराम, सुरेंद्र थाना क्षेत्र के बहादुरपुर गांव का दीपू गांव आए थे। साले बहनोई में झगड़ा होने लगा। बीच बचाव को पहुंची तो तीनों ने लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिससे सिर में गहरी चोट लग गई। थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया कि तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पीड़ित को मेडिकल के लिए भेजा गया है।

### 48 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** एसपी के आदेश पर बुधवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 48 वाहनों का चालान कर एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं 20 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

# सड़क हादसों में चार घायल

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** अलग-अलग सड़क हादसों में दो महिलाओं समेत चार लोग घायल हो गए। एक महिला की हालत चिंताजनक होने पर डाक्टर ने कानपुर के लिए रेफर कर दिया।

थरियांव थाना क्षेत्र के भमैचा गांव निवासी अमित कुमार मिश्रा मां सुनीता देवी के साथ बाइक से खुरमाबाद एक मुंडन कार्यक्रम में जा रहा था। लोटहा गांव के समीप बाइक पर पीछे बैठी उसकी मां सुनीता देवी चलती बाइक से गिरकर घायल हो गई। इसी तरह गाजीपुर थाना क्षेत्र के सरवल गांव निवासी संतोष कुमार पत्नी प्रभादेवी को लेकर बाइक से गांव जा रहा था। जब उसकी बाइक इन्द्रो पुल के समीप पहुंची। तभी ट्रक उसकी बाइक को टक्कर मारने से पत्नी प्रभादेवी घायल हो गई। सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र के मड़ई हार बैगांव गांव निवासी हिमांशु की बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और वह घायल हो गया। वहीं असोथर थाना क्षेत्र के ओनहा गांव निवासी सरवन कुमार बाइक से जा रहा था। टीकर गांव के समीप विक्रम ने टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार सरवन घायल हो गया।

# मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना, कराया कन्या भोज

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन बुधवार को आदिशक्ति माता सिद्धिदात्री का भक्तों ने विधिविधान के साथ पूजा-अर्चना की। देवी भक्तों ने अंतिम दिन हवन -पूजन व कन्या भोज का सिलसिला जारी रहा।

आदिशक्ति के नवम स्वरूप माता सिद्धिदात्री के पूजन की धूम रही। घरों व मंदिरों में सुबह से ही या देवी सर्व भूतेषु शांति रूपेण संस्थितः नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नमः के मंत्र गूंजते रहे। दुर्गानगर के मंदिर, मोटे महादेवन मंदिर, ताम्बेश्वर मंदिर समेत अन्य देवी मंदिरों में उत्साह के साथ भक्त पहुंचे। जहां लोगों ने बारी बारी से मंदिर में प्रवेश कर माता का पूजन अर्चन कर मन्नतें मांगी। हालांकि भक्तों को कन्या बुलाने में मशक्कत करनी पड़ी। एक ही दिन कई स्थानों में कन्या भोज होने के कारण कन्याओं का इंतजार भी किया गया। कन्या भोज के बाद श्रद्धालुओं ने व्रत तोड़े। अंतिम दिनों दुर्गा मंदिरों में भक्तों की खासी भीड़ उमड़ी।



दुर्गेश्वर तहादेव मंदिर में कन्या भोज कराते भक्त। अमृत विचार

### दुर्गा प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा, भंडारा

**जाफरगंज।** क्षेत्र के बरगदिया स्थान में देवी दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया। ग्राम प्रधान द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने प्रसाद चखा। रामनवमी के शुभ अवसर पर भीखमपुर प्रधान राजीव सिंह राज ने कसियापुर में ग्रामीणों की आस्था का केंद्र रही बरगदिया दाई स्थान में बुधवार सुबह 11 बजे मां दुर्गा की प्रतिमा को लेकर पड़ोसी गांव गहरुखेड़ा, आंवरखेड़ा, अंगनाखेड़ा, भीखमपुर, कसियापुर का भ्रमण कर बरगदिया दाई स्थान पर मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन किया।

बड़ी समस्या | पेयजल गुणवत्ता की रिपोर्ट देखकर सकते में आया जल निगम

# फ्लोराइडयुक्त पानी पी रहे 56 गांवों के लोग

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- पानी में टीडीएस की मात्रा अधिक, दूषित पानी उगल रहे सरकारी हैंडपंप

**अमृत विचार।** अति पिछड़े जिलों में शुमार दोआबा के करीब 56 गांवों के लोग फ्लोराइड युक्त पानी पीने को मजबूर हैं। जिले के विकास को लेकर लोकसभा चुनाव में बड़े-बड़े दावे तो किए जाते रहे हैं लेकिन शहर से लेकर गांव की कोई खास तस्वीर नहीं बदल सकी। गांव की सड़के जहां टूटी फूटी देखने को मिल रही हैं। वहीं फसलों की सिंचाई का संकट बना रहता है। लोगों के लिए पीने के पानी की भी एक गंभीर समस्या है। अलग-अलग विकास खंड के करीब 56 गांवों का पानी पीने योग्य नहीं रह गया है। जल निगम के अभियंताओं की टीम ने ग्रामीण इलाकों के पेयजल श्रोतों से पानी नमूने भरकर उन्हे लैब टेस्ट किया गया तो पता चला कि पानी में फ्लोराइड की मात्रा दोगुना से अधिक है।

पेयजल की गुणवत्ता की रिपोर्ट देखने के बाद जल निगम के अधिकारी खुद ही सकते में आ गए। वर्ष 2020 में सहायक अभियंता और उनकी टीम ने सभी तेरह विकास खंडों के सभी गांव में पेयजल के नमूने लिए और जांच की थी। जिसमें 56 गांव ऐसे पाए गए जहां पानी में फ्लोराइड की मात्रा दोगुनी और उससे अधिक मिली।



### दूषित पानी कर रहा हाथ-पैर टेढ़े

दूषित पानी पीने से लोगों के शरीर में तमाम तरह की ऐसी बीमारियां हो रही हैं जो शायद आसाध्य हो जाती हैं। लोगों के दांत और हाथ पैर टेढ़े हो चुके हैं। कुछ गांवों में प्रशासन ने हैंडपंप में फिल्टर लगाकर पानी शुद्ध करने की व्यवस्था तो की है लेकिन वह पर्याप्त नहीं है।

### क्या कहतें हैं ग्रामीण



सालों से कई गांव के लोग फ्लोराइड युक्त पानी पीने को मजबूर हैं। जिन सरकारी हैंडपंप में फिल्टर भी लगाए गए हैं खराब होने पर बदला नहीं जा सका। लोगों को पानी जैसे मूलभूत समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। -जीमरूल कासिम



फ्लोराइड युक्त पानी पीने पर लोग दिव्यांगता का शिकार हो रहे हैं। सरकारी हैंडपंप पीला दूषित पानी उगल रहे हैं, वहीं फसलों की सिंचाई का संकट भी दूर नहीं हो पा रहा। जनता में किये जा रहे विकास में दावे खुद ही बयां कर रही है। -रामशरण

### दूषित पानी बना रहा दिव्यांग

पेयजल की लैब टेस्टिंग में ऐरायां, हसवां, भिटौरा, देवमई, मलवां, तेलियानी, धाता, हथगाम और बहुआ के 56 गांवों में करीब एक लाख की आबादी फ्लोराइड युक्त पानी पी रही है। बताया है कि जाता पानी में फ्लोराइड की मात्रा एक एमजी प्रति लीटर से अधिक नहीं होनी चाहिए, लेकिन इन गांवों में फ्लोराइड की मात्रा दोगुनी से अधिक मिली। इन गांव के पानी पीने वाले ग्रामीणों को घातक पानी का अंदाजा न हो लेकिन फ्लोराइड युक्त पानी की एक-एक खतरनाक बूंद को गले उतार बड़ी आबाद दिव्यांगता का शिकार हो रही है। प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधि तक शुद्ध पीने के पानी का ठोस इंतजाम नहीं कर पाया।

# दोआबा में पार्वो वायरस का हमला, मर रहे कुत्ते

संवाददाता, फतेहपुर

- अमौली, मलवां और कल्यानपुर क्षेत्रों में हुई कुत्तों की मौत
- नियमित वैक्सीनेशन न होना बताया जा रहा कारण

**अमृत विचार।** इन दिनों पालतू कुत्तों में पार्वो वायरस का अटैक कहर ढा रहा है। इस रोग की चपेट में आने से पालतू कुत्तों की मौतें होनी शुरू हो गई हैं। जिले में पार्वो वायरस के अटैक से अमौली क्षेत्र में पालतू कुत्तों की मौत हो गई है। फिलहाल जिला पशु चिकित्सालय में ऐसा कोई व्यक्ति नहीं पहुंचा जिसका पालतू कुत्ता बीमार हो। पार्वो वायरस का संक्रमण पाया जा रहा है।

सीवीओ नवल किशोर सचान ने बताया कि पार्वो वायरस एक विषाणु जनित रोग है, जो कुत्तों में लगातार फैल रहा है। इस बीमारी के लक्षण दिखाई देने के बाद सही समय पर उपचार नहीं होने की दशा में कुत्तों की मौत हो सकती है। वहीं, नियमित वैक्सीनेशन नहीं होने के कारण भी पालतू कुत्ते इस बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं। विदेशी नस्ल के कुत्तों में यह संक्रमण तेजी से फैलता है। इसकी चपेट में आते ही कुत्तों को उल्टी और खूनी दस्त होना शुरू हो जाते हैं और वह खाना छोड़ देता है। साथ ही कुत्ता काफी सुस्त हो जाता है। इसके बचाव के लिए कुत्तों का लगभग सप्ताह भर इलाज होना आवश्यक है। इलाज के दौरान उनको एंटी वायरस इंजेक्शन लगाए कर इलाज किया जाता है। बता दें कि अमौली क्षेत्र के चटिहा गांव के रहने वाले शशि कुमार ने बताया कि उनका पालतू कुत्ता तीन दिन पूर्व बीमार हो गया था। डाक्टर को दिखाने पर पार्वो वायरस की पुष्टि की थी। इसी तरह मलवां और कल्यानपुर क्षेत्र में कई पालतू कुत्तों की अचानक मौतें हुई हैं। सीवीओ नवल किशोर सचान ने बताया कि कुत्तों में पार्वो वायरस तेजी से फैल रहा है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# छह किसानों की 32 बीघा गेहूं की फसल जली

## पत्तियों की चिंगारी से लगी आग, सूचना पर भी नहीं पहुंची फायर ब्रिगेड, पुलिस व ग्रामीणों ने बुझाई

संवाददाता असोथर

**अमृत विचार।** गर्मी के साथ आगजनी की घटनाएं बढ़ रही हैं। एक व्यक्ति की लापरवाही के कारण खेत में आग लगने से छह किसानों की 32 बीघा में बोई गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना देने के बाद भी फायर ब्रिगेड टीम मौके पर नहीं पहुंची। पुलिस कर्मियों और ग्रामीणों ने मिलकर आग बुझाई। एक घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका।

असोथर थाना क्षेत्र के सरकंडी चौकी क्षेत्र के उसरा डेरा गांव के पास संदिग्ध परिस्थितियों में खेत में खड़ी पकी गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। आग की लपटें देखकर किसान खेत की ओर भागे और आग बुझने का प्रयास करने लगे। तेज हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। किसानों ने खेत में लगी गेहूं की फसल में आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड टीम को दी, लेकिन दो घंटे बाद भी फायर ब्रिगेड टीम नहीं पहुंच सकी। आग लगने से किसान राज करन तिवारी की 15 बीघा, रामानंद तिवारी की दो बीघा, संतोष की छह बीघा, राम चरण सविता की तीन बीघा, ओम प्रकाश विश्वकर्मा की एक बीघा, जयनन्द त्रिपाठी की तीन बीघा कुल 32 बीघा गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। किसान राज करण तिवारी, संतोष निषाद, राम चरण ने आरोप लगाया कि गांव के रहने वाले नुन्नू दर्जी ने महुआ के पेड़ की गिरी हुई पत्तियों को इकट्ठा कर आग लगाई थी। उसी की चिंगारी उड़ने से फसल जली है।

उसके बाद आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड टीम को दिया गया, लेकिन फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं आई। आग लगने के सूचना पर पहुंचे चौकी इंचार्ज सरकंडी विनोद कुमार निगम पुलिस टीम और ग्रामीणों के साथ बाल्टी में पानी भरकर आग बुझाने में लगे रहे। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।


आग बुझाने की कोशिश में लगा उप निरीक्षक। अमृत विचार


घटनास्थल पर लगी भीड़। अमृत विचार

### हवन करते लगी आग, दो घरों को चपेट में लिया

**असोथर।** एक युवक रामनवमी के उपलक्ष्य में स्नान करने के बाद घर पर छप्पर के नीचे हवन कर रहा था। तभी अचानक हवन कुंड की चिंगारी से छप्पर में आग लग गई, जिसने दो घरों को चपेट में ले लिया। असोथर थाना क्षेत्र के बबरापुर मजरे शाहीपुर निवासी इंद्रपाल लोधी घर पर रामनवमी के उपलक्ष्य में हवन कर रहा था। हवनकुंड से चिंगारी लगने से इंद्रपाल के घर का सारा सामान जल गया। साथ पड़ोसी रामनारायण के घर पर रखा छप्पर भी जलकर राख हो गया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने फायर ब्रिगेड को सूचना दिया और मौके पर पहुंचे। जिस पर ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। जिस पर पुलिस ने फायर ब्रिगेड को वापस भेज दिया। इस आगजनी में कपड़े, गृहस्थी समेत सारा सामान जलकर राख हो चुका था।

# ट्रामा सेंटर बदहाल, सुविधाएं न सर्जन

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** जनपद में इकलौता ट्रामा सेंटर खराब दशा में है। जिला अस्पताल का ट्रामा सेंटर जिस उद्देश्य से खोला गया था, वह पूरा नहीं हो पा रहा है। सुपर स्पेशलिस्ट की बात दूर, न्यूरो, जनरल, आर्थो सर्जन व बेहोशी के डाक्टर तक नहीं रहते हैं। इससे मरीजों को तत्काल सुविधा नहीं मिल पाती है। ऐसा तब, जब मेडिकल कालेज खुल चुका है और जिला अस्पताल उससे संबद्ध हो गया है।

ट्रामा सेंटर नाम का ही रह गया है, यहां सिर्फ मरहम पट्टी और जिला अस्पताल की इमरजेंसी चल रही है। जरूरत पड़ने पर जो भी सुविधाएं हैं उन्हीं से जिला अस्पताल में काम चलाया जा रहा है। जबकि ट्रामा सेंटर में संसाधनों के साथ 24 घंटे डाक्टरों की मौजूदगी जरूरी होती है। ट्रामा सेंटर की स्थिति कोरोना काल में जरूर ठीक हुई थी, वेंटीलेटर युक्त बेड लगा दिए गए थे। लेकिन अब यहां हड्डी रोगी ही देखे जा रहे हैं और इमरजेंसी कक्ष चलाया जा रहा है।

ट्रामा सेंटर का उद्घाटन हुए आठ साल से अधिक समय हो गया है लेकिन यहां अल्ट्रासाउंड व डिजिटल एक्सरे मशीन भी नहीं है। डिजिटल एक्सरे मशीन उपलब्ध हुई थी लेकिन एक बार खराब होने के बाद दोबारा ठीक नहीं हो सकी। यह दोनों जांच कराने के लिए मरीजों को जिला अस्पताल जाना पड़ता है, वह भी दोपहर दो बजे के बाद बंद हो जाती है। मरीजों का कहना है कि जब सुविधाएं ही नहीं मिलनी थीं तो फिर इसे बनाकर लाखों रुपया क्यों बर्बाद कर दिया गया। जिला अस्पताल में ट्रामा सेंटर निर्माण 2012 में शुरू होकर 2016 में पूरा हुआ। यहां संसाधन न होने से न डाक्टर और न ही पैरामेडिकल स्टाफ की तैनाती हुई। आर्थो सर्जरी, जनरल सर्जरी, एनेस्थीसिया, न्यूरो सर्जन, कैजुअल मेडिकल आफिसर के रूप में डाक्टरों को तैनात करने की योजना बनी। लेकिन आज तक इसका सुचारू रूप से संचालन नहीं हो सका।


जिला अस्पताल का ट्रामा सेंटर। अमृत विचार

> ट्रामा सेंटर का मामला कई बार शासन के संज्ञान में लाया जा चुका है। मेडिकल कालेज खुलने के बाद शासन ने अब मेडिकल कालेज पर जोर दिया है। आने वाले समय में सभी सुविधाएं यहां उपलब्ध होंगी।
> -डा. पीके सिंह, सीएमओ

# हैंडब्रेक बिना खड़ी बस होटल में घुसी

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** बुधवार को सरकारी बस स्टैंड पर ढलान पर बिना हैंडब्रेक के खड़ी रोडवेज बस अचानक चल पड़ी और एक होटल में जा घुसी। इससे होटल तहस-नहस हो गया। हादसे के वक्त होटल मालिक ने भागकर जान बचाई। बस यात्रियों ने हादसे के बाद बड़ी घटना न होने पर राहत की सांस ली।

ललौली थाना क्षेत्र के ललौली बस स्टॉप के अंदर बुधवार के दिन बस चालक ने ललौली से फतेहपुर की सवारी भरने के लिए बस स्टॉप के अंदर बिना हैंडब्रेक लगाए ढलान पर बस खड़ी कर दी। यहां पर बस ढलान पर चलने लगी। बस में करीब 20 से 25 लोग सवार थे। बस एक होटल में जा घुसी। हालांकि इस घटना से कोई बड़ी अनहोनी नहीं हुई क्योंकि उस समय होटल के बाहर और अंदर कोई नहीं बैठा था। होटल मालिक ने बस को अपनी ओर आते देखकर भागकर जान बचाई। स्थानीय शकील अहमद, दुकानदार रफीक अहमद ने बताया कि ललौली बस स्टॉप में मरम्मत का कार्य चल रहा है, जहां ठेकेदार के द्वारा दरवाजे पर ईंट पत्थर डालकर ढाल बना दिया है। होटल मालिक ने बताया कि उसके होटल का काउंटर, टीनशेड और फर्नीचर टूट जाने से 15 हजार का नुकसान हुआ है। थाना प्रभारी ने बताया कि ढाल के वजह से रोडवेज बस होटल में घुस गई है।


क्षतिग्रस्त होटल। अमृत विचार

## मानकविहीन बन रही नाली का विरोध

**बकेवर।** देवमई ब्लॉक क्षेत्र के बेंता गांव में पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाई जा रही सड़क किनारे नालियां मानक के विपरीत बनाई जा रही हैं। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए विरोध किया। ग्रामीण उत्तम, कन्हैया प्रजापति, विनय, बलदेव, रघुराज, मोहम्मद शफी, अमरपाल, ललित, कमल, कल्लू पाल, महेंद्र, रामनाथ आदि तमाम लोगों ने बताया कि पहले कीचड़ भरा रास्ता था, जिसमें उच्चाधिकारियों से शिकायत के बाद पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों की नींद खुली और सड़क बनवा दी। लेकिन किनारे जो नालियां बनाई जा रही हैं वह मानक के विपरीत हैं। जेई गुरु चंद्र ने कहा कि आरोप सही है तो तोड़कर दोबारा बनेगी।

# दुष्कर्म के बाद खींची अश्लील फोटो, गांव में लगाए पोस्टर

संवाददाता फतेहपुर

- कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दर्ज किया मामला

**अमृत विचार।** शादी का झांसा देकर मामी की बहन से दुष्कर्म कर युवक ने अश्लील फोटो खींचे। फिर युवती को ब्लैकमेल किया। 50 हजार रुपये की मांग पूरी न होने पर अश्लील तस्वीरों के पोस्टर बनवाकर गांव की दीवारों और खंभों पर चिपका दिए। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

असोथर थाना क्षेत्र में रहने वाले एक व्यक्ति ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि गाजीपुर कस्बे में बहन की ननद का बेटा रहता है। वह बहन की शादी के बाद उनके घर भी आने-जाने लगा। आरोपी ने 20 वर्षीय छोटी बहन को शादी का झांसा देकर नौ जुलाई को दुष्कर्म किया। उसकी अश्लील फोटो खींच कर गांव के रहने वाले राकेश सिंह को भेज दिए। आरोप है कि राकेश ने पीड़ित बहन की फोटो भेजकर बदनाम करने की धमकी देकर 10 हजार रुपये मांगे। बहन ने 10 हजार रुपये दे दिए। इसके बाद 50 हजार रुपये की मांग रखी। मांग पूरी न होने पर बहन की आपत्तिजनक फोटो के पोस्टर 12 जनवरी को गांव में दीवारों और खंभों पर लगा दिए।

## सार-संक्षेप

### गांजा के साथ दबोचा

**फतेहपुर।** राधानगर पुलिस ने बुधवार को चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा है। तलाशी दौरान पुलिस ने उसके पास से सवा किलो गांजा बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपनी पहचान राधानगर थाना क्षेत्र के खुशवंत राय नगर निवासी राजीव कुमार मिश्रा पुत्र ओंकारनाथ मिश्रा के रूप में बताई है। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपी को कोर्ट में पेश किया है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना पुलिस ने करसवां गांव निवासी हिमांशू उर्फ रुद्र प्रताप पुत्र स्व. चन्द्रभान सिंह के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। बुधवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### बालिकाओं को किया जागरूक

**फतेहपुर।** एसपी के निर्देश पर बुधवार को सभी थानों की एण्टी रोमियो टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान टीमों ने महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा के लिए जारी विभिन्न हेल्प लाइन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया।

### लड़की की ससुरालवालों को भड़काया, शादी टूटी

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के गांव में दो युवकों ने गांव की ही एक युवती की शादी तुड़वा दी। युवती की होने वाली ससुराल में फोन कर युवकों ने उसके चाल-चलन को गलत बताया। जिस पर युवती की होने वाली ससुराल के लोगों ने शादी करने से मना कर दिया। मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली एक युवती की मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ दिन पूर्व ही उसने अपनी लड़की की शादी तय की थी। शादी तय होने के बाद युवती के परिजन मंगनी वाली रस्म की तैयारी कर रहे थे। इधर गांव के ही रहने वाले दो युवकों ने युवती के होने वाले पति को फोन कर युवती के चाल-चलन को गलत बताते हुए भड़का दिया। इसके बाद युवती के होने वाले पति ने 14 अप्रैल को फोन कर शादी करने से मना कर दिया। इसके बाद से युवती के परिजन परेशान हैं। युवती के परिजनो को रिश्ता टूटने की वजह पता चली तो परिजन दोनों युवकों से इस हरकत के बारे में बात की तो उनके साथ भी गाली गलौज की। युवती की मां ने बताया कि बड़ी मुश्किल से अपनी पुत्री के लिए लड़के की तलाश की थी। लड़का अरब देश में रहकर कमाता है। अब रिश्ता टूटने के बाद युवती के चरित्र पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। जिस वजह से युवती की शादी में समस्या आ रही है। जिसके बाद परिजनों ने मामले की पुलिस से शिकायत की हैं। परिजनों की शिकायत के दो दिन बाद भी पुलिस मामले में कार्यवाही नहीं कर पाई है। मामले में थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी।

### दहेज हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**बिन्दकी।** संदिग्ध अवस्था में महिला की मौत के मामले में मृतक महिला के पिता ने पति तथा उसके दो देवर के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी पति को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करके न्यायालय भेज दिया। कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के लाला का पुरवा गांव में चार दिन पहले संदिग्ध अवस्था में ललिता देवी पत्नी अर्जुन की घर के अंदर मौत हो गई थी। मामले में मृतिका ललिता देवी के पिता राम कृपाल ने पुत्री के पति अर्जुन तथा दो देवर पंचू तथा रामकेश के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। बुधवार को नगर के खजुहा चौराहे के पास चौकी इंचार्ज ने पति अर्जुन निवासी लाला का पुरवा कोतवाली बिंदकी को गिरफ्तार कर लिया।

# सड़क हादसों में 11 लोग हुए घायल, नौ गंभीर

संवाददाता, फतेहपुर

- हुसेनगंज और हथगाम थाना क्षेत्रों में हुए हादसे

**अमृत विचार।** जनपद के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसों में 11 लोग घायल हो गए, जहां 9 लोगों की हालत गंभीर देखकर डॉक्टर ने कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। दो घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

हसैनगंज थाना क्षेत्र के सात मील चौराहा पर मंगलवार की रात करीब 12 बजे के आसपास लखनऊ की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार नीलगाय से टकराकर कई पलटी खाकर पलट गई। कार में सवार बच्चे-बुजुर्ग सहित 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को 108 एम्बुलेंस के मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे में रविन्द्र कुमार की पत्नी सीमा लखनऊ में ड्यूटी करती हैं।

रविन्द्र बहन की शादी में शामिल होने लखनऊ से बांदा जिले के मटौंध के पास लोहरा गांव जा रहा थे। कार में 10 साल का बेटा डोलू और राज (15), साधना (34), समर (12), यशिका (4), अरविंद सिंह (35) की हालत गंभीर देखकर डॉक्टर ने सभी को कानपुर मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया।

दूसरा सड़क हादसा हथगाम थाना क्षेत्र के रहमत हसऊपुर गांव के पास सड़क जर्जर होने से गिट्टी में बाइक फिसल जाने के कारण हुआ। बाइक गिरने से मनोज, संदीप और बलवान गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने तीनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर मनोज की हालत गंभीर देखकर डॉक्टर ने कानपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। जहां उपचार शुरू है।

# फार्मासिस्ट के सहारे बकेवर का पीएचसी

संवाददाता, बकेवर

**अमृत विचार।** विकासखंड देवमई क्षेत्र के बकेवर कस्बे में स्थित प्राथमिक स्वास्थ केंद्र में डॉक्टरों के ना होने से मरीज परेशान हो रहे हैं। फार्मासिस्ट के सहारे काम चल रहा है। जिसके कारण मरीजों में रोष देखने को मिल रहा है। दूरदराज से आए मरीज मजबूरी में फार्मासिस्ट से ही पर्चा बनवाकर दवा लेने के लिए मजबूर है।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टरों के न होने से मरीज प्राइवेट अस्पतालों में इलाज करवाने को मजबूर हैं। प्राथमिक स्वास्थ केंद्र बकेवर क्षेत्र में कई गांवों के मरीजों का आवागमन बना रहता है लेकिन ऐसी चिलचिलाती धूप में मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बकेवर में न तो कोई सफाई कर्मी है और न ही वार्ड बॉय।

एक प्राइवेट व्यक्ति रख कर अस्पताल में काम चलाया जा रहा है। एएनएम, वार्ड बॉय, डाक्टर किसी का पता नहीं रहता। जिससे क्षेत्र के मरीजों में रोष व्याप्त है। इस मामले में डा. विमलेश देवमई से बात की गई तो उन्होंने बताया कि डॉक्टरों की कमी है, इमरजेंसी ड्यूटी लगा दी जाती है जिसके कारण दिक्कतें हो रही हैं।

### क्या कहते हैं लोग


यहां डॉक्टर न होने से फार्मासिस्ट से ही दवा लेकर के काम चलाना पड़ रहा है। यह एक लापरवाही है। जिसे उच्चाधिकारियों को संज्ञान में लेना चाहिए।
-शांति देवी, रामपुर


डॉक्टरो ने अपनी मर्जी से आना जाने का रवैया बना रखा है मरीज आकर या तो दवा लेकर के चला जाए या तो प्राइवेट अस्पतालों में दिखाने के लिए मजबूर हो रहा है।
-रामसेवक, गोपालपुर


डॉक्टरों की लापरवाही के कारण सही से इलाज नहीं हो पा रहा है। हम लोग दूर से आते हैं यहां आने के बाद पता चलता है कि डॉक्टर नहीं आए। जिससे दिक्कत का सामना करना पड़ता है।
-तुलसी देवी, महमूदपुर


अस्पताल में डॉक्टरों का आता पता नहीं रहता है, एक फार्मासिस्ट के सहारे अस्पताल चल रहा है। इस कारण मरीज आने में कतरा रहे हैं और प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने को मजबूर हैं।
-निजामुद्दीन, कुलखेड़ा

## मधुमक्खियों के हमले से चार लोग घायल

**बिंदकी।** हार्वेस्टर से गेहूं की कटाई करते समय अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से चार लोग घायल हो गए जबकि बाकी लोग मौके से भाग निकले। घायल लोगों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

कल्यानपुर थाना क्षेत्र के पहरवापुर गांव में बुधवार की दोपहर को संजय सिंह के खेत में हार्वेस्टर से गेहूं की कटाई चालू थी। उसी समय अचानक मधुमक्खियों ने हमला कर दिया। मधुमक्खियों के हमले से संजय सिंह निवासी पहरवापुर थाना कल्यानपुर, पप्पू सिंह गौतम निवासी बहरौली कोतवाली बिंदकी, राजबहादुर निवासी विक्रमपुर और हार्वेस्टर चालक राजभर निवासी फर्रुखाबाद घायल हो गए। मधुमक्खियों के हमले के बाद हड़कंप मचा रहा। तमाम लोग मौके से जान बचाकर भाग निकले। चारों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिंदकी में भर्ती कराया गया है।

**जिला अस्पताल** — शासन के निर्देश बेअसर, बाहर से मंगाई जा रही दवाएं

# बिना हस्ताक्षर के लिखे जा रहे पर्चे

संवाददाता, फतेहपुर

**अमृत विचार।** शासन के सख्त निर्देशों का असर भी जिला अस्पताल के डॉक्टरों पर होता नहीं दिख रहा है। जिला अस्पताल के डाक्टरों को दवा के पर्चों पर हस्ताक्षर करने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन डॉक्टरों ने दोबारा बिना हस्ताक्षर के पर्चे लिखने शुरू कर दिए हैं।

जिला अस्पताल में इन दिनों मौसमी बीमारियों के मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। चिकित्सक इन मरीजों को दवा लिखकर आराम न मिलने पर कुछ दिन बाद दोबारा दिखाने की सलाह देते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने चिकित्सकों को पर्चों पर हस्ताक्षर कर दवा लिखने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भी चिकित्सक ऐसा नहीं करते हैं। ऐसे में कई बार दोबारा अस्पताल पहुंचा मरीज जब किसी अन्य चिकित्सक को दिखाता है तो उसे पहले देखने वाले चिकित्सक का पता नहीं चलता है। वहीं दवा पर्चे पर हस्ताक्षर करने से चिकित्सक मरीज का इलाज न करने के दावे से मुकर नहीं सकता है। पूर्व में चिकित्सकों द्वारा पर्चों पर हस्ताक्षर न करने पर सीएमएस डा. पीके सिंह को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की सलाह दी थी। इसके बाद भी चिकित्सकों द्वारा बिना हस्ताक्षर किए दवा लिखने का क्रम जारी है। कुछ मरीजों को सिर्फ ओपीडी स्लिप पर दवा लिखकर दे दी जा रही हैं। यह स्लिप दवा वितरण कक्ष में जमा होने के बाद पर्चे पर दवा न लिखी होने से मरीज वहां मौजूद फार्मासिस्ट से दवाओं की जानकारी करते दिखे।

### ओपीडी में कर्मियों की कमी बड़ी वजह

जिला अस्पताल में तैनात कई डॉक्टरों के ओपीडी में सहायता के लिए किसी कर्मी की तैनाती नहीं है। ऐसे में मरीजों की भीड़ को जल्द इलाज देने के लिए चिकित्सक मुहर या हस्ताक्षर पर ध्यान नहीं देते हैं। कई बार इसका खामियाजा मरीज भी भुगतता है। ऐसे में चिकित्सकों की सहायता के लिए स्टॉफ की तैनाती होनी चाहिए।

> जिला अस्पताल वार्ड ब्वॉय की कमी से जूझ रहा है। ऐसे में जिस ओपीडी में ज्यादा भीड़ होती है वहां चिकित्सकों की सहायता के लिए वार्ड ब्वॉय तैनात किए जाते हैं। सभी चिकित्सकों को गल्तियां सुधारने के निर्देश दिए गए हैं।
> -डा. पीके सिंह, सीएमएस

## धन दोगुना करने का झांसा देकर तांत्रिक ने ठगे 11 लाख

**फतेहपुर।** धन दोगुना करने का लालच देकर तांत्रिक ने तीन युवकों से 11 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने तांत्रिक के तीन साथियों को पकड़ कर पुलिस के हवाले किया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

थरियांव थाना क्षेत्र के हसवा निवासी कैलाश कुमार को कुछ लोगों ने धन दोगुना का लालच दिया था। कैलाश ने अपने साथी हसवा के भूपेंद्र सिंह, लोधीगंज निवासी विश्वनाथ से उनकी मुलाकात कराई। विश्वास में आकर तीनों ने 11 लाख रुपये इकट्ठा किए। कैलाश ने बताया कि तांत्रिक और उसके तीन साथी रविवार शाम भूपेंद्र के खेत आए। उन लोगों से रुपये ले लिए। तांत्रिक ने भिटौरा घाट गंगा किनारे पूजा होने का झांसा दिया। वह सभी लोग गंगा किनारे पहुंचे। तांत्रिक पूजा के बहाने भाग गया।

# खखरेरू में अब राहगीरों को मिलेगा ठंडा पेयजल

संवाददाता, खागा

- नगर पंचायत अध्यक्ष की पहल पर कई जगहों पर लगेंगे स्टैंड फ्रीजर

**अमृत विचार।** बढ़ती गर्मी में इस वक्त लोग परेशान है। लोगों को इस तपिस भरी गर्मी में सबसे ज्यादा पानी की जरूरत महसूस होती है। दुकानदार गर्मी के सीजन आते ही पानी की बोतलें व पाउच बेचकर लोगों से कमाई कर रहे है। इसी को देखते हुए खखरेरू नगर के कई जगहों पर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा कराई जा रही है।

खखरेरू नगर क्षेत्र में सड़क किनारे हैंडपंप व किसी भी तरह की पानी की व्यवस्था न होने के कारण अक्सर राहगीरों को इधर-उधर भटकना पड़ता था। अब नगर पंचायत होने के बाद वर्तमान नगर अध्यक्ष ज्ञान चन्द्र केशरवानी ने गर्मी में बढ़ रहीं लोगों की समस्याओं को देखते हुए नगर के अपना बाजार, रक्षपालपुर चौराहा, कोट तिराहा समेत कई जगहों में शुद्ध पेयजल के लिए स्टैंड फ्रीजर की व्यवस्था की जा रहीं है। नगर अध्यक्ष ज्ञान चन्द्र केशरवानी ने बताया कि खखरेरू नगर से रोजाना सैकड़ों व्यक्तियों का आवागमन जनपद से लगाकर खागा, प्रयागराज, कानपुर व लखनऊ तक होता है। यहां तक देखा गया कि स्कूल छूटने के बाद छोटे-छोटे बच्चे पानी के लिए होटल का सहारा लेते है। उधर कस्बा में शासन द्वारा बैंक, पोस्ट ऑफिस, स्थानीय थाना व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आज भी शुद्ध पानी की सुविधा उपलब्ध नहीं है। अध्यक्ष ने बताया कि नगर में दो फ्रीजर की व्यवस्था कर दी गई है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

NOTICE

I Rammilan son of Shri Jageshwar resident of village Kheda Silajit tehsil Sarila District Hamirpur, U.P. I had passed class high school examination in the year 2010, whose roll number is 1682161. That in my above mentioned mark sheet my father's name are mentioned as JAGESHWAR PRASAD. That the above two names JAGESHWAR PRASAD and JAGESHWAR belong to my father only and not to anyone else.

अब्दुल मजीद
मदरसा अब्दुल मजीद अकादमी
खोजीपुर छिबरामऊ- कन्नौज

में आधुनिकीकरण योजना अन्तर्गत आधुनिक विषय के 1 अध्यापक की जरूरत है।
शैक्षिक योग्यता- स्नातक/ परास्नातक / बी0एड
वेतनमान देय- राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा देय है।
आवेदन करने की अन्तिम तिथि- 28/04/2024
साक्षात्कार दिनांक- 30/04/2024
विज्ञप्ति दिनांक- 18/04/2024

सूचना

सूचित हो की मैं ATIK AHAMAD पुत्र IKBAL HUSAIN निवासी:- आलहन मऊ, पो. सराय बरई, जि. बाराबंकी का हूँ, मैंने अपना नाम MOHAMMAD ATIQ KHAN से बदलकर ATIK AHAMAD रख लिया हैं, आज से मुझे ATIK AHAMAD के नाम से जाना व पहचाना जाये।

सूचना

सूचित हो कि मेरा हाईस्कूल यू0पी0 बोर्ड इलाहाबाद, वर्ष- 2019, अनु0- 1870076 का प्रमाण पत्र सह अंकपत्र की मूलप्रति वास्तव में कहीं खो गयी है। **धन लक्ष्मी सुपुत्री श्री सत्य राम नि0ग्रा0- अलाउद्दीनपुर, पोस्ट- बनगवॉडीह, तहसील- कादीपुर, जनपद- सुलतानपुर (उ0प्र0)।**

सूचना

सूचित हो कि मैं रईस अहमद पुत्र फकीरे अपने पुत्र सिराज के चाल चलन से काफी परेशान हूं। वह आए दिन परिवार में विवाद करता है। जिसके चलते अन्य लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में मैं अपने पुत्र सिराज को चल और अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। परिवार के लोगों से कोई लेना देना नहीं है। **रईस अहमद पुत्र फकीरे निवासी ग्राम भटपुरवा थाना कोतवाली देहात बहराइच।**

# नवमी पर भक्तिमय हुआ वातावरण, जगह-जगह बंटा प्रसाद

## नवरात्र के अंतिम दिन भक्तों ने माता के सिद्धिदात्री स्वरूप की पूजा कर किया व्रत का पारण

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** नवरात्र के अंतिम दिन देवी के आठवें स्वरूप माता सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना कर उपासकों ने व्रत का पारायण किया। वहीं, रामनवमी पर भी मंदिरों में पूजा-पाठ व भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। इससे पूरे शहर का वातावरण भक्तिमय हो गया। देवी मंदिरों में भक्तों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जवारे व झंडे चढ़ाए गए तो घरों और मंदिरों में कन्या भोज का आयोजन कर आशीर्वाद लिया।

बुधवार को नवरात्र के अंतिम दिन ब्रह्ममुहूर्त से हीं मंदिरों व घरों में पूजा-पाठ का क्रम शुरू हो गया। भक्तों ने नवमें दिन माता के नवम स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा कर आरती की। इसके बाद घरों में कन्याभोज का आयोजन कर अपने व्रत का पारायण किया। श्री रामनवमी पर भक्तों ने मंदिरों में पूजा-अर्चना की और अयोध्या में श्रीराम मंदिर में रामलला के सूर्य तिलक का अद्भुत प्रसारण भी देखा। शहर के सिद्धपीठ माता फूलमती देवी मंदिर में भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया, इससे पहले महाआरती की गई, जिसमें सैकड़ों भक्त उपस्थित थे। इसी प्रकार माता सिंहवाहिनी, क्षेमकली, काली दुर्गा मंदिर, मौरारी देवी व शीतला देवी मंदिर समेत सभी देवी मंदिरों में देर रात तक पूजा-अर्चना का क्रम चलता रहा।

**भंडारे में दिखा आस्था व श्रद्धा का सैलाब:** तिर्वा, कन्नौज। नगर के अन्नपूर्णा मंदिर में नवरात्र के अंतिम दिन हजारों भक्तों ने पूजा-अर्चना की और कन्या भोज का आयोजन किया गया। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें आस्था व श्रद्धा का सैलाब देखने को मिला। गांधी चौराहा पर समाजसेवी रेहान वारसी, अरविंद भदौरिया, गोविंद गुप्ता, जीतू गुप्ता, राजुल सोनी, संजीव तिवारी, प्रभात वर्मा, विमलेंद्र बघेल ने भक्तों को प्रसाद वितरित किया।


कन्याओं को भोजन कराते सिकंदपुर चौकी प्रभारी प्रमोद तिवारी। अमृत विचार


झंडा चढ़ाने के लिए ले जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

### शोभायात्रा में सजीव झांकियों ने मोहा मन

तिर्वा, कन्नौज। बुधवार को प्लाजा मार्केट में नवरात्र पर नव दुर्गा सेवा समिति द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। शुभारंभ दौलेश्वर मार्ग से किया गया। मां के नौ स्वरूप की संजीव झांकियों के साथ डंडा मंडल व अन्य झाकियों ने दर्शकों का मनमोह लिया। शोभायात्रा को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। शोभायात्रा ठठिया रोड होती ठठिया चौराहा के बाद गांधीचौराहा होते हुए खैरनगर मार्ग पर काली मंदिर में यात्रा का समाप्त हुई। प्रभात वर्मा, विमलेंद्र बघेल, अनुज मौजूद रहे।

### भक्तों ने मंदिरों में चढ़ाए झंडे व जवारे

**छिबरामऊ, कन्नौज।** चैत्र नवरात्र के आखिरी दिन श्रद्धालुओं ने मां की पूजा अर्चना कर मनौतियां मांगी। बुधवार को भक्तों ने व्रत तोड़े व मन्दिरों में जवारे एवं नेजा चढ़ाकर परिवार की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। बुधवार की सुबह तीन बजे से ही सड़कों पर मां के जयकारों का सिलसिला शुरू हुआ जो देर रात्रि तक चलता रहा। नगर के सिद्धपीठ मां कालिका देवी मन्दिर में भक्तों ने पैदल जाकर अपने व्रत खोले। ग्रामीण क्षेत्रों से भी श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। शाम चार बजे ग्रामीण क्षेत्रों से आये भक्तजन ढोलक की थाप पर नाचते गाते माता के गीत गाते देखे गए। इस अवसर पर नगर के सौरिख रोड पर भारी भीड़ के कारण जाम की स्थिति पैदा हो गयी, जिसको पुलिस द्वारा भारी मशक्कत के बाद खुलवाया जा सका। माता के दर्शनों को काफी देर तक लंबी कतारें लगी रहीं। सिकंदरपुर पुलिस चौकी में चौकी प्रभारी प्रमोद तिवारी ने भी कन्याओं को भोजन कराया।

### घंटा-घड़ियाल की गूंज से गूंजा वातावरण

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बुधवार को नवरात्र के अंतिम दिन तिराहा स्थित मां संतोषी माता मन्दिर, प्राचीन मां काली देवी मन्दिर, पावर हाउस स्थित श्री गंगेश्वरनाथ मन्दिर, प्राचीन श्री राम मन्दिर, सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर सहित नगर व क्षेत्र के देवालयों में भक्तों ने सर्व प्रथम मां दुर्गा की नवीं शक्ति सिद्धिदात्री की आरती वन्दना कर हवन पूजन आदि किया। इसके बाद कन्याभोज का आयोजन किया गया। रेलवे रोड स्थित हनुमान मंदिर, जीटी रोड स्थित हनुमान मंदिर, तिर्वा रोड, रामगंज, जीटी रोड पर श्रद्धालुओं द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पालिकाध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता, समाजसेवी अशोक गुप्ता, प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित, नीरज मिश्रा, अवधेश गुप्ता राजू, सुरेश चन्द्र तिवारी, आरपी सिंह, दीनानाथ, राजन राजपूत, निखिल पाठक, आकाश गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, हलदार, पूरन सिंह, अमन कठेरिया, कल्लू मौजूद रहे।


नगर के जीटी रोड पर प्रसाद वितरित करते श्रद्धालु।

### भये प्रकट कृपाला दीन दयाला.. से गूंजे देवालय

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बुधवार को नगर के जीटी रोड स्थित श्री राम मंदिर, संतोषी माता मंदिर, सर्विस रोड स्थित सती माता मंदिर सहित अन्य देवालयों व घरों में रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंदिर के महंत पं. राकेश चन्द्र दुबे, पं. शिव सागर पांडेय, पं. दीनबंधु पाठक आदि ने दोपहर 12 बजे पूजा अर्चना कर रामजन्म कराया और आरती की। रामजन्म के दौरान देवालयों में शंख, घंटा व घडियाल बजते रहे और भक्तों ने भय प्रकट कृपाला दीन दयाला गाकर श्रीराम की आराधना की। भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, सागर अग्रवाल, विनय वर्मा, संजीव गुप्ता संजू, मयंक गुप्ता, राजीव ठाकुर, शिवमराज वर्मा, गौरव वर्मा, विजय दुबे, विजय मिश्रा, संजीव दुबे मुन्ना, संदीप त्रिवेदी, नीरज मिश्रा मौजूद रहे।

# हादसे में किशोरी की मौत, दो गंभीर

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** ग्राम सराय सुंदर के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से दो साइकिलों पर सवार तीन किशोरियां गंभीर रूप से घायल हो गई। सभी को सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया। यहां एक की मौत हो गई, जबकि दो को गंभीर हालत में रेफर कर दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर निवासी आनंद पांडेय की 14 वर्षीय पुत्री वैष्णवी अपनी 17 वर्षीय बड़ी बहन दिव्या उर्फ देवांशी के साथ एक साइकिल पर तथा दूसरी साइकिल पर मनोज दुबे की पुत्री शिवा कालका देवी मंदिर मेला देखने के लिए जा रही थीं। इस दौरान एन एच 34 जीटी रोड स्थित ग्राम सराय सुंदर के पास किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने दोनों साइकिलों में जोरदार टक्कर मार दी। इससे तीनों किशोरिया गंभीर रूप से घायल हो गईं। सभी को उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल पहुंचाया गया। यहां वैष्णवी को देखते ही मृत घोषित कर दिया गया, जबकि दिव्या को कानपुर तथा शिवा को तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। घटना के बाद मृतक किशोरी के परिजनों में कोहराम मच गया। मामले की जानकारी होते ही पूर्व राज्य मंत्री एवं विधायक अर्चना पांडेय ने अस्पताल पहुंचकर घटना की जानकारी ली और परिजनों को ढांढस बंधाया।


घायलों को देखतीं विधायक अर्चना पांडे। अमृत विचार

### छत से गिरकर युवक की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला चौधरियान निवासी दीपक बाथम (40) पुत्र ग्रंथ बाथम भूसा बेचने का कार्य करता था। बुधवार की रात वह घर की छत पर रखा कुछ सामान उठाकर जीने से उतर रहा था। तभी वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन उसे सौ शैया अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां इमरजेंसी वार्ड में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। जानकारी पाकर अस्पताल पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरवा कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया।


घटना के बाद घर पर रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

## युवक ने किशोरी से दुष्कर्म किया, गर्भवती

**तालग्राम, कन्नौज।** युवक ने गांव की युवती के सहयोग से किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। जब वह गर्भवती हो गई तो परिजनों को जानकारी हुई। इस पर पीड़िता की मां ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। थाना तालग्राम के गांव निवासी पीड़िता की मां ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया है कि लगभग 06-07 माह पहले वह अपने पति का इलाज कराने के लिए कानपुर गई थी। वहां वह पति के साथ तीन से चार माह रुकना पड़ा। 13 अप्रैल को घर लौटी तो 15 वर्षीय पुत्री गुमसुम दिखाई दी। लक्षण दिखने पर उसे उसके गर्भवती होने का संदेह हुआ। समझाने व हिम्मत बंधाने पर बेटी ने आपबीती बताई। उसने बताया कि लगभग सात माह पहले गांव की आकांक्षा उसे खेत दिखाने के लिए साथ ले गई थी। वहां पहले से मौजूद प्रदीप के साथ संबंध बनाने का दबाव बनाया। इसके बाद प्रदीप ने जबरन उसे खेत में गिरा लिया और बलात्कार किया। पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष पारूल चौधरी ने बताया कि आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# दुर्घटना में घायल की जिला अस्पताल लाते समय मौत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के डिगसरा का मामला

**अमृत विचार।** अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। जिला अस्पताल में डाक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव टिकैयापुर्वा निवासी राजेश कुमार (45) पुत्र रघुवीर मंगलवार को बाइक से कहीं गया था। शाम पांच बजे वह घर लौट रहा था। जैसे ही वह बाइक लेकर डिगसरा गांव के निकट पहुंचा उसी समय किसी वाहन ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे जिला अस्पताल लेकर आये जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया। जिला अस्पताल से शव को मोर्चरी भेजा गया। बुधवार को पुलिस ने शव का पंचायतनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिये भेजा। परिजनों ने तहरीर पुलिस को दी गई है।

### विभिन्न दुर्घटनाओं में आठ लोग घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो महिलाओं सहित आठ लोग घायल हो गए। जिला फर्रुखाबाद के मजगमा निवासी अमर सिंह पुत्र रामेश्वर दयाल अपने भाई बृजभान तथा ग्राम महमूदापुर निवासी राम प्रताप के साथ बाइक से मंगलवार की रात तालग्राम से लौट रहे थे। ग्राम शाहजहांपुर के पास कार की टक्कर से तीनों घायल हो गए। उधर, सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम हसनापुर में हुई दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। इसमें ग्राम रामपुर बैजू निवासी आलोक यादव पुत्र शेर सिंह, इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम धनापूर्वा निवासी चंद्रभान पुत्र कश्मीर सिंह तथा दूसरी बाइक पर सवार सिकंदरपुर के काजिहार निवासी रामनाथ पुत्र बलवंत, पत्नी गंगा देवी व बेटी ममता देवी पत्नी राजीव घटना में घायल हो गए।

## सार-संक्षेप


सन्मार्ग पुस्तक का विमोचन करते डॉ. जीवन शुक्ल, विपिन दीक्षित व अन्य।

### सन्मार्ग संस्था के भंडारे में उमड़ी भक्तों की भीड़

**कन्नौज।** नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी को सन्मार्ग संस्था की ओर से सिंहवाहिनी मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे के बाद शुरू हुए भंडारे में शहर के प्रमुख लोग शामिल हुए। प्रसाद में पूड़ी, सब्जी के अलावा हलुआ, खीर व कढ़ी परोसी गई। इस मौके पर डॉ. जीवन शुक्ल, विपिन दीक्षित व मनोज शुक्ला ने सन्मार्ग संस्था की ओर से प्रकाशित पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि शहर की प्रमुख सन्मार्ग संस्था ने शहर में कई प्रमुख कार्यक्रम कराकर संस्था को नई पहचान दी है। कन्याओं की शादी से लेकर रक्तदान शिवर करा कर संस्था सामाजिक, अध्यात्मिक कार्य कर रही है।

### टायर फटने से डिवाइडर से टकरा कर पलटा लोडर

**सराय प्रयाग, कन्नौज।** तेज गति से जा रहे लोडर का टायर फटने से वह हाइवे के डिवाइडर से टकरा कर पलट गया। इससे लोडर में सवार 28 लोगों में से 13 लोग घायल हो गए। जिन्हे नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया। बुधवार की सुबह हरियाणा कुरुक्षेत्र से उन्नाव जा रहे तेज रफ्तार लोडर का टायर अचानक फट गया। इससे लोडर अनियंत्रित होकर सराय प्रयाग हाइवे स्थित डिवाइडर से टकरा कर पलट गया। इससे लोडर में सवार 28 लोगों में से 13 लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे सराय प्रयाग चैकी प्रभारी ओम सिंह चैहान ने स्थानीय लोगों के सहयोग से एंबुलेंस द्वारा उपचार के लिए नगर के सीएचसी पहुंचाया। जिसमें गंभीर घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। चैकी प्रभारी ने बताया कि लोडर पर 28 लोग सवार थे। जो चालक की बहन की शादी में शामिल होने के लिए उन्नाव जा रहे थे। बताया कि दुर्घटना में उन्नाव के थाना आशीवन मियागंज निवासी चालक अजय कुमार, प्रेम सिंह, राम सिंह, निशा, श्रवण, कीर्ति, सनी, कुसमा, अंकुश, निर्मला, ओजस, लखनऊ मलिहाबाद निवासी राजरानी व मुन्नी लाल घायल हो गए। क्षतिग्रस्त लोडर को हाइवे से हटवाकर चैकी पर खड़ा कराया गया है।


कंप्यूटर सेंटर के शुभारंभ के दौरान मौजूद पदाधिकारी।

### गरीब बच्चों को मिलेगी निःशुल्क तकनीकी शिक्षा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** सावरकर हेल्प फाउंडेशन के संचालक संदीप चतुर्वेदी ने बताया कि गरीब व जरूरतमंद बच्चों की संस्था द्वारा पहले ही निशुल्क शिक्षा प्रदान कर मदद की जा रही है। तकनीकी ज्ञान देने के लिए कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का संचालन शुरू कर दिया गया है। जरूरतमंद बच्चे निशुल्क शिक्षा ले सकते है। बुधवार को नगर के तिर्वा रोड पर फाउंडेशन ने गरीब परिवार के बच्चों के लिए नि:शुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। इससे पहले संचालक संदीप चतुर्वेदी, अध्यक्ष डॉक्टर सचिन द्विवेदी, उपाध्यक्ष आनन्द मिश्रा, कोषाध्यक्ष अमन कुशवाहा, अनुराग पटेल, रजत चतुर्वेदी, अमर पाण्डेय, मंजुल द्विवेदी, आदर्श शुक्ला, डॉ. सीएल पाल ने हवन पूजन कर पूजा अर्चना की।

### पदयात्रा कर अयोध्या जा रहे रामभक्त का स्वागत

**गुरसहायगंज।** खाटू श्याम से पदयात्रा कर अयोध्या श्री रामलला के दर्शन के लिए जा रहे रामभक्त का नगर पहुंचने पर स्थानीय लोगों ने फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद उसके भोजन व विश्राम की व्यवस्था भी की। बुधवार को नगर पहुंचे महाराष्ट्र के अहमदनगर केड़गांव निवासी कृष्णा रणजीत कोहडे (21) ने बताया कि उसने 01 अप्रैल से खाटूश्याम से अयोध्या श्रीराम लला के दर्शन के लिए पदयात्रा प्रारंभ की थी। लगभग 850 किमी का सफर पैदल तय करने के लिए उसे करीब 23 दिन का समय लगेगा। वह प्रतिदिन 30-40 किमी का सफर पैदल तय करता है। भोजन व विश्राम की व्यवस्था की व्यवस्था जहां होती है वही ठहर जाता है। रामलला के दर्शन की इच्छा उसे सफर में हिम्मत देती है। इस दौरान राजू गुप्ता, दीनानाथ, आकाश गुप्ता, विष्णु, कल्लू, हवलदार, पूरन, प्रदीप आदि ने रामभक्त का स्वागत किया।

### तालाब में खड़ी खरपतवार में लगी आग, मचा हड़कंप

**गुरसहायगंज।** बुधवार की दोपहर बाद तालाब में खड़ी खरपतबार में लगी आग की लपटों और धुएं को उठता देख स्थानीय लोगों में हडकंप मच गया। जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ मौके पर लग गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि अज्ञात कारण के चलते तालाब में खड़ी खरतवार में आग लग गई और हवा तेज चलने के कारण आग ने विकराल रूप ले लिया। हालांकि इससे कोई क्षति नहीं हुई और कुछ देर बाद आग खुद बुझ गई। अधिशासी अधिकारी अनिल पंडित ने बताया कि तालाब की सफाई कराकर सुंदरीकरण का कार्य जल्द ही कराया जाएगा। आग लगने के कारणों की जांच कराई जाएगी।

# प्रयोगशाला में धूल, निजी प्रकाशन की किताबें मिलीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- एनसीईआरटी की मान्य पुस्तकों से ही शिक्षण कार्य करने के निर्देश दिए

**अमृत विचार।** सीबीएसई की मान्यता से चल रहे कई विद्यालयों में मानक के तहत किताबों से पढ़ाई नहीं हो रही है। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने मंगलवार को तिर्वा मार्ग स्थित आशा पब्लिक स्कूल व दिल्ली पब्लिक स्कूल सरायमीरा का निरीक्षण किया। डीआईओएस ने बताया कि एनसीईआरटी की बजाय प्राइवेट प्रकाशन की पुस्तकें कक्षों में मिलीं। साथ ही प्रयोगशाला में धूल जमा पाई गई।

डीआईओएस ने बताया कि आशा पब्लिक स्कूल के कक्षों, प्रयोगशाला, पुस्तकालय को देखा गया। इस दौरान प्रयोगशाला में धूल जमा देखकर उसमें प्रैक्टिकल कराने के निर्देश दिए गए। प्रधानाचार्य पूनम शुक्ला से कहा गया लैब का प्रयोग किया जाए। डीआईओएस ने नवीन सत्र में छात्रों के लिए एनसीईआरटी की मान्य पुस्तकें ही प्रयोग करने के निर्देश दिए। बताया गया कि बाजार में मांग के अनुसार कक्षा नौ से इंटरमीडिएट तक उपलब्ध पुस्तकों से शिक्षण कार्य कराया जा रहा है। कक्षा एक से छह तक की पुस्तकें बाजार में कम हैं। आपूर्ति के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। विद्यालय की ओर से सफाई दी गई कि नए सत्र में छात्र-अभिभावकों की ओर से रेफरेंसबुक, टेक्स्ट बुकें और कॉपियों को बाजार से स्वेच्छा से खरीदी जा रहीं हैं।

प्रधानाचार्य ने बताया कि पाठ्यक्रम की पुस्तकें बाजार में न मिलने पर वेबसाइट से सभी विषयों की पुस्तकों को आवश्यकतानुसार डाउनलोड कर पढ़ाई कराई जा रही है। डीआईओएस ने बताया कि प्राइवेट प्रकाशन की किताबें न खरीदने को कहा है। नियमों का पालन न करने पर कार्रवाई के लिए कहा। इसके अलावा विद्यालयों में मतदाता जागरुकता, संचारी रोग की रोकथाम व अन्य विभागीय योजनाओं के कार्यक्रम कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान राजकीय अभिनव विद्यालय गंगधरापुर के प्रभारी प्रधानाचार्य जितेंद्र यादव भी मौजूद रहे।



## जनता की कारों की रखवाली कर रही कोतवाली पुलिस

**कन्नौज।** कोतवाली के बाहर खड़ी आम लोगों की कारों की रखवाली कोतवाली पुलिस कर रही है। कार मालिकों के पास जगह की कमी से वह यहां खाली पड़ी जगह का प्रयोग पार्किंग के रूप में कर रहे हैं। निश्चिंत रहते हैं कि कोतवाली के बाहर खड़ी इन कारों को कोई चोरी नहीं कर सकता है। कार मालिक तो हैं पर घर के अंदर या बाहर खड़ी करने की जगह नहीं है। इसीलिये इन लोगों ने कारों को रात या दिन के समय खड़ा करने के लिये कोतवाली के बाहर खाली पड़ी जगह को चुना है। इनको कहीं जाना हो तो वह यहीं खड़ी कार उठाकर चले जाते हैं। इसके बाद लौटने पर कोतवाली के बाहर ही कार छोड़ कर घर चले जाते हैं। इस जगह का उपयोग पुलिस भी नहीं करती है। इसी लिये निकट मोहल्ले के लोग इसका फायदा उठा रहे हैं। बीते कई वर्ष से कोतवाली के बाहर करीब एक दर्जन वाहन हर समय खड़े रहते हैं। कुछ को तो धूल व धूप से बचाने के लिये ढक भी दिया जाता है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि इन में कुछ कारें स्टाफ की हैं तो कुछ बाहरी लोग खड़ी कर जाते हैं।

## दिव्यांग ट्राई साइकिल से कर रहे जागरूक




ब्लॉक सदर कन्नौज क्षेत्र के गांव हैवतपुर कटरा निवासी दिव्यांग अजीत कुमार में भी 13 मई को होने वाले लोकसभा क्षेत्र के चुनाव को लेकर जोश है। अपनी ट्राई साइकिल को उन्होंने मतदाता जागरुकता वाले स्लोगन व जानकारी से सजाया है। गांव के लोगों को वह मतदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। सहायक अध्यापक स्नेहलता द्विवेदी ने बताया कि एक कार्यक्रम में अजीत यूपीएस हैवतपुर कटरा में भी शामिल हुए। ● अमृत विचार

# संसदीय क्षेत्र के चुनाव में विधायकों का भी 'इम्तिहान'

अजय मिश्र, कन्नौज



- कन्नौज जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों से कम अंतर से जीते थे 'माननीय'
- कई नेताओं को क्षेत्र में विरोध भी झेलना पड़ रहा स्वजातियों को मनाने में जुटे

**अमृत विचार।** यूं तो 2024 की यह चुनावी बेला संसदीय (लोकसभा) क्षेत्र की है। प्रत्याशी चुनाव लड़ कर जनता के बीच 'इम्तिहान' देने को तैयार हैं, लेकिन इसके साथ-साथ विधायकों (एमएलए) को भी अपने-अपने क्षेत्रों में 'अग्निपरीक्षा' से गुजरना होगा। जीत तो आखिर जीत ही होती है, लेकिन वोटों के कम अंतर से विजयी हुए जिले के तीनों एमएलए की जनता कड़ी 'परीक्षा' लेने के मूड में है।

लोस क्षेत्र 42-कन्नौज का गठन पांच विस सीटों से हुआ है। विस चुनाव 2022 में चार सीटों पर भाजपा व एक पर सपा जीती थी। बात अगर कन्नौज जिले की हो तो इसमें तीन विधानसभा क्षेत्र आते हैं, इन सभी में भाजपा के विधायक हैं। कहा जा रहा है कि पार्टी हाईकमान ने अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों से पार्टी के प्रत्याशी को जिताने की जिम्मेदारी विधायकों को भी दी है। आंकड़ों पर गौर करें तो तीनों विधानसभा सीटों 196-छिबरामऊ, 197-तिर्वा व 198-कन्नौज सदर सुरक्षित सीट से सभी भाजपा प्रत्याशी तीनों का (योग) कुल 11,809 वोटों से जीते थे। इसमें सबसे कम अंतर की जीत अर्चना पांडेय की छिबरामऊ से 1111 वोटों से हुई थी। वर्ष 2017-2022 की योगी सरकार में वह खनन समेत अन्य विभागों की राज्य मंत्री थीं।

सदर कन्नौज से असीम अरुण भी 6090 मतों के अंतर से विजयी हुए थे। हालांकि वर्तमान में वह समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) के अलावा चुनाव प्रचार के लिए उत्तर प्रदेश में स्टार प्रचारकों में भी शामिल किए गए हैं। इससे पार्टी के प्रत्याशी को जिताने की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। तिर्वा में कैलाश राजपूत 4608 वोटों से विजयी हुए थे। वह लोधियों के नेता कहे जाते हैं। हालांकि उनकी विधानसभा क्षेत्र में वायरल हुआ मूर्ति लगाने वाला एक वीडियो चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक को जीत दिलाने में मुश्किल पैदा कर सकता है। यहां जीत उनकी नाक का सवाल बन गई है। 12 अप्रैल को समाज कल्याण राज्य मंत्री जब औरैया जिले के बेला इलाके में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगने पहुंचे तो महिलाओं ने सड़क न बनने को लेकर उनको खरी-खरी सुनाई थी। खास बात यह है कि कन्नौज लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा बिधूना है जो औरैया में लगता है। इसके अलावा कानपुर देहात की रसूलाबाद विधानसभा सीट भी यहां लगती है। रसूलाबाद में ही भाजपा की पूनम शंखवार की जीत 21,515 मतों से हुई थी, जो लोकसभा क्षेत्र की पांचों सीटों में सबसे बड़ी जीत थी। बिधूना में सपा प्रत्याशी रेखा वर्मा 7765 मतों से विजयी रहीं थीं। फिलहाल सपा ने कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया है, लेकिन तिर्वा वाले वायरल वीडियो को लेकर स्वजातीय वोटरों को लुभाने के लिए पार्टी रेखा को आगे कर रही है। कुछ दिनों पहले सपा जिला कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यक्रम में उनको मंच पर जगह मिली थी। हालांकि 13 मई को मतदान के बाद चार जून को होने वाली मतगणना में ही पता चलेगा कि कौन-कौन माननीय जनता के बीच खरे उतर सके।

**लोस क्षेत्र के पांचों विस चुनाव में वर्ष 2022 में मिले मत**

| पार्टी | नाम | मिले मत | परिणाम |
|---|---|---|---|
| **तिर्वा** | | | |
| भाजपा | कैलाश राजपूत | 106089 | जीते |
| सपा | अनिल पाल | 101481 | हारे |
| **छिबरामऊ** | | | |
| पार्टी | नाम | मिले मत | परिणाम |
| भाजपा | अर्चना पांडेय | 124773 | जीतीं |
| सपा | अरविंद सिंह यादव | 123662 | हारे |
| **कन्नौज** | | | |
| पार्टी | नाम | मिले मत | परिणाम |
| भाजपा | असीम अरुण | 120876 | जीते |
| सपा | अनिल दोहरे | 114786 | हारे |
| **बिधूना** | | | |
| पार्टी | नाम | मिले मत | परिणाम |
| सपा | रेखा वर्मा | 97257 | जीतीं |
| भाजपा | रिया शाक्य | 89492 | हारीं |
| **रसूलाबाद** | | | |
| पार्टी | नाम | मिले मत | परिणाम |
| भाजपा | पूनम शंखवार | 91783 | जीतीं |
| सपा | कमलेश चंद्र दिवाकर | 70271 | हारे |

# प्रत्याशी कहीं का भी हो, प्रस्तावक लोकसभा क्षेत्र का ही होना चाहिए

## निर्वाचन आयोग ने जारी की नामांकन पत्र दाखिल करने की गाइड लाइन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- पर्चे पर काला चश्मा लगी फोटो स्वीकार नहीं की जाएगी
- चुनाव खर्च का ब्योरा निर्धारित रजिस्टर में दर्ज करना होगा

**अमृत विचार।** चुनाव आयोग ने नामांकन पत्र भरने व दाखिल करने की नियमावली भी जारी की है। प्रत्याशी कहीं का भी रहने वाला हो लेकिन जो प्रस्तावक लगेंगे वह उसी लोकसभा क्षेत्र के होने चाहिए, जिस क्षेत्र से उम्मीदवार चुनाव लड़ेगा। साथ ही प्रमाणित मतदाता सूची लगेगी। जो फोटो चस्पा की जाएगी, वह काली चश्मा वाली नहीं होनी चाहिए।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बिनीत कटियार ने बताया कि लोकसभा क्षेत्र कन्नौज की सदर विधानसभा क्षेत्र कन्नौज, तिर्वा, छिबरामऊ, रसूलाबाद व बिधूना में किसी भी विधानसभा क्षेत्र में रहने वाला मतदाता प्रस्तावक हो सकता है। उम्मीदवार के लिए छूट है वह किसी भी संसदीय क्षेत्र का रहने वाला हो। हालांकि पर्चा दाखिल करते समय प्रस्तावक व उम्मीदवार का नाम मतदाता सूची में जरूरी है, उसकी सत्यापित कॉपी लगाई जाएगी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी को चुनाव खर्च का लेखा आयोग की ओर से निर्धारित रजिस्टर में बनाना होगा। उसे समय-समय पर रिटर्निंग ऑफीसर, सहायक रिटर्निंग ऑफीसर व जांच अधिकारी और प्रेक्षक को दिखाना होगा। एक प्रत्याशी अधिकतम 95 लाख रुपये तक चुनाव में खर्च कर सकता है। नामांकन पत्र दाखिल करते समय जमानत धनराशि जमा किए जाने का ट्रेजरी चालान या रसीद-385 मूल रूप में लगेगी। इसके अलावा पिछले 10 सालों में अगर किसी सरकार ने सरकारी आवास दिया हो तो उसका किराया, बिजली, पानी व टेलीफोन का बकाया न हो। इसको लेकर पर्चा दाखिल करने के दौरान नोड्यूस प्रमाण पत्र लगेगा। नामांकन की तारीख से पर्चे में तीन महीने तक पुरानी फोटो ही मान्य होगी। फोटो में साधारण वस्त्र दिखने चाहिए। वर्दी में फोटो मान्य नहीं होगी। टोपी व काले रंग का चश्मा प्रतिबंधित है। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी का कहना है कि नामांकन 18 से 25 अप्रैल तक सुबह 11 से दोपहर तीन बजे तक कलक्ट्रेट स्थित जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष में होंगे।

### दो दिन तक नामांकन न होने की उम्मीद

**कन्नौज।** लोकसभा क्षेत्र का चुनाव लड़ने वाले संभावित उम्मीदवारों के लिए 18 से 25 अप्रैल तक नामांकन पत्र दाखिल करने का समय है। इससे पहले कलेक्ट्रेट परिसर से नामांकन पत्र वितरित किए जाएंगे। माना जा रहा है कि दो दिन तक नामांकन दाखिल नहीं होंगे। इसका कारण, पहले तो संभावित प्रत्याशी पर्चे लेंगे, उसके बाद उसे भरकर और जरूरी प्रपत्र बनवाएंगे। तब कहीं जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष जमा करेंगे।

## पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल का एसपी ने किया निरीक्षण

**तिर्वा, कन्नौज।** लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी अमित कुमार आनंद, तहसीलदार अवनीश कुमार, सीओ डॉ. प्रियंका बाजपेयी, नायब तहसीलदार अतुल हर्ष ने पोलिंग पार्टी रवानगी स्थल डीएन कॉलेज में जगह का सत्यापन किया। इस दौरान एसपी ने निर्देश दिए कि पार्टी रवानगी को लेकर बैरीकेडिंग कराई जाए। पार्किंग स्थल सही रखा जाए जिससे जैसे ही वाहन रवाना होने का नंबर आए तो वह तत्काल बाहर निकल सके। उसे जाम का सामना न करना पड़े।

सारी गतिविधियों पर सीसीटीवी से निगरानी रखी जाए। नवरात्र की नवमी को लेकर जगह-जगह लगी पुलिस की ड्यूटी भी एसपी और सीओ ने जांची। उन्होंने कस्बे से ठठिया, इंदरगढ़, खैरनगर मार्ग पर लगी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी को चेक किया। निर्देश दिए कि अगर कोई आराजकता फैलाता है तो उस पर कार्रवाई की जाए।

# जागरुकता: लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान करने जरूर जाएं

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

- मझपुर्वा के पंचायत भवन में हुआ कार्यक्रम
- 13 मई को होना है मतदान तैयारियां हुई तेज

**अमृत विचार।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए गांव-गांव मतदाता जागरुकता अभियान चल रहा है। इसमें मतदाताओं को वोट देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

बुधवार को ग्राम मझपुर्वा के पंचायत भवन में नायब तहसीलदार छिबरामऊ राम प्रकाश ने ग्रामीण मतदाताओं से कहा कि सभी लोग निर्भीक होकर 13 मई को मतदान करें। इससे मजबूत लोकतंत्र की स्थापना और भागीदारी सुनिश्चित होगी। प्रशासन ने निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान कराने की व्यवस्था की है। यदि कोई व्यक्ति किसी के पक्ष में मतदान के लिए दबाव बनाता है तो इसकी सूचना प्रशासन को दें। इस दौरान प्रधान बिलाल अहमद, प्रधान प्रतिनिधि हारून अहमद सिद्दीकी, कानूनगो कौशलेंद्र दुबे, सचिव शिवम पाठक, लेखपाल कौशल पांडेय मौजूद रहे।




मतदाताओं को संबोधित करते प्रधान प्रतिनिधि हारून सिद्दीकी। अमृत विचार

**ईओ ने तैयार किया 25 वार्डों का रूट चार्ट :** एसडीएम छिबरामऊ उमाकांत तिवारी ने पत्र जारी कर अधिशासी अधिकारी को मतदाता जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। नगर पालिका के ईओ अनिल पंडित ने बताया कि 18 अप्रैल से आठ मई तक नगर के 25 वार्डों में मतदाता जागरूक अभियान का रूटचार्ट तैयार कर लिया गया है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कर्मियों को जिम्मेदारी दी गई है। आज यानि गुरुवार से अवंतीबाई नगर के आंबेडकर पार्क से अभियान की शुरुआत होगी। मोहल्ला आजाद नगर में कार्यक्रम का समापन होगा। नगर पंचायत समधन व तालग्राम में भी अभियान चलाया जाएगा।

# पहले प्रशिक्षण फिर प्रपत्रों का 'ज्ञान'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- सुबह की पाली में 490 व इतने ही दोपहर की ट्रेनिंग लेंगे मतदान कार्मिक
- पुलिस लाइन मार्ग के निकट स्थित विद्यालय के 14 कक्षों में मिलेगी जानकारी

**अमृत विचार।** शहर के पुलिस लाइन मार्ग स्थित एक विद्यालय में आज से मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन की बारीकियां बताई जाएंगी। उसके बाद प्रपत्रों के बारे में ज्ञान बढ़ाया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी भी ट्रेनिंग स्थल का जायजा लेंगे।

डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी ने बताया कि पहला प्रशिक्षण सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक और दूसरा प्रशिक्षण दोपहर दो से शाम पांच बजे तक चलेगा। प्रत्येक प्रशिक्षण में 490-490 मतदान कार्मिक शामिल होंगे। इसमें आधे-आधे पीठासीन अधिकारी व मतदान अधिकारी प्रथम बुलाए गए हैं।

डीडीओ ने बताया कि विद्यालय के 14 कक्षों में प्रशिक्षण चलेगा। इसके लिए 60 मास्टर ट्रेनर तैनात किए गए हैं। यही ट्रेनर मतदान कार्मिकों की बारीकियां बताएंगे। जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्र के कुल 1519 बूथों के लिए आज से प्रशिक्षण शुरू हो रहा है। इसके बाद दूसरा प्रशिक्षण तीन से आठ मई के बीच होगा। इसमें पूरी पोलिंग पार्टियां शामिल होंगी।

पीठासीन अधिकारी के अलावा मतदान अधिकारी प्रथम से लेकर तृतीय तक रहेंगे। डीडीओ ने बताया कि प्रशिक्षण 18 से 21 अप्रैल तक चलेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल भी निरीक्षण करेंगे और कई जानकारियां देंगे। बताया गया है कि कक्षों में ही दो-दो बार कार्मिकों की हाजिरी ली जाएगी। इसमें बीईओ भी मौजूद रहेंगे। सभी कक्षों में पांच-पांच इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन रहेंगी।

## नवीन पुल पर सब्जी मंडी से लगा जाम

**शुक्लागंज उन्नाव।** बुधवार देरशाम नवीन पुल पर जाम लगने से राहगीरों के खासी परेशानी उठानी पड़ी। जाम के दौरान पुलिस भी नदारद रही। जिससे देररात तक पुल पर वाहन रेंगते रहे और लोग परेशान होते रहे। नवीन पुल पर वाहनों का भार व फुटपाथ पर लगी सब्जी मंडी के कारण बुधवार देरशाम जाम लगना शुरू हो गया। जाम देख वाहन सवारों ने अपने वाहन फुटपाथ पर चढ़ा दिए। जिससे फुटपाथ भी जाम हो गया। जाम के कारण दोपहिया, चौपहिया, टेंपो, ई-रिक्शा के अलावा अन्य वाहन कतारों में खड़े रहे।

# ट्रांसमिशन की नहीं बढ़ी क्षमता, भीषण बिजली कटौती

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज



ट्रांसमिशन सेंटर में रखा क्षमता वृद्धि के लिये रखा ट्रांसफार्मर। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिले में बिजली की भीषण कटौती शुरू हो गई है। ट्रांसमिशन सेंटर की क्षमता वृद्धि के लिये रखा ट्रांसफार्मर विभाग ने दो वर्ष बाद भी नहीं लगाया है। ओवरलोडिंग के चलते की जा रही बिजली कटौती से किसानों की मक्का व मूंगफली की फसलें सूख रही हैं।

गर्मी का मौसम आते ही बिजली दगा देने लगी है। कन्नौज ट्रांसमिशन सेंटर की क्षमता बढ़ाने के लिये एक वर्ष पहले आया 60 एमवीए का ट्रांसफार्मर बिजली विभाग की लापरवाही से अभी तक नहीं लगाया जा सका है। सर्दी के बाद अब गर्मी का मौसम आ गया और बिजली की खपत अधिक होने लगी है। ओवरलोडिंग के चलते मशीनों व ट्रांसफार्मर में किसी तरह का नुकसान न हो इसके लिये ट्रांसमिशन में बैठे एसएसओ उपकेंद्रों के एसएसओ को फोन कर काट-काटकर बिजली देने की बात कहते हैं। सबसे अधिक कटौती दोपहर के समय की जाती है। शासन ने शहर को 24 व गांव को 18 घंटे बिजली देने का आदेश दिया था। इस आदेश का बिजली विभाग पालन नहीं कर रहा है। शहर हो या गांव सभी जगह अघोषित कटौती की जा रही है। यह कोई समस्या एक दिन की नहीं है, हर वर्ष गर्मी का मौसम आने पर यही हाल होता है। इसकी मुख्य वजह ट्रांसमिशन सेंटर की क्षमता को नहीं बढ़ाया जाना है जब कि हर वर्ष हजारों की तादाद में उपभोक्ता बढ़ जाते हैं। इसीको देखते हुए शासन ने बीते वर्ष 60 एमवीए का ट्रांसफार्मर जिला मुख्यालय भेजा था। एक वर्ष से अधिक समय ट्रांसफार्मर को आए हो चुका है पर ट्रांसमिशन के इंजीनियरों ने इसे नहीं लगवाया। इसे स्थापित करने के लिये सर्दी के मौसम को चुना गया था पर विभाग ने तेजी नहीं दिखाई और ट्रांसफार्मर रखा रहा। अधिशाषी अभियंता मगन सिंह का कहना है कि 60 एमवीए के ट्रांसफार्मर को लगाने का कार्य किया जायेगा। इसके लिये इंजीनियर लगातार काम कर रहे हैं। ट्रांसफार्मर लगाने के दौरान बिजली की कोई खास कटौती नहीं होगी। स्थापित होने के बाद दो से तीन दिन में काम करने लगेगा। हालांकि विभाग को यह नहीं पता कि क्षमता वृद्धि कब होगी।

**सियासी खेल** छात्र राजनीति से निकलकर जिले में लहराया था समाजवादी पार्टी का परचम

# 'साइकिल' से उतर रहे अखिलेश के पुराने 'सारथी'

अभिषेक द्विवेदी, कन्नौज

**अमृत विचार।** छात्र राजनीति से निकलकर सपा को पुष्पित-पल्लवित करने वाले पार्टी से किनारा करने लगे हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव के पुराने 'सारथी' साइकिल से उतरकर नया राजनीतिक मुकाम तलाश रहे हैं। पार्टी में लगातार उपेक्षा उस समय और भी बढ़ गई, जबकि 2019 के लोकसभा चुनाव में डिंपल यादव की हार हो गई। इसके बाद विस चुनाव में जिले में तीनों सीटें हारकर सपा साफ हो गई तो संगठन में दरार पड़ गई। दरअसल इस हार की जिम्मेदारी कोई नहीं लेना चाहता। राष्ट्रीय अध्यक्ष या पार्टी के शीर्षनेता भी उन्हें अब खास तवज्जो नहीं दे रहे हैं। इसकी वजह से इस बार लोकसभा चुनाव में उन्होंने सपा से 'नमस्ते' कर ली।

**2019** में डिंपल यादव की हार के बाद बढ़ गई थी पार्टी में दरार

### अभी और भी कुछ बाकी है

इस बार कन्नौज सीट पर सभी पार्टियों ने अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर दी है, लेकिन सपा ने पत्ते नहीं खोले हैं। माना जा रहा है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव यहां से स्वयं चुनाव लड़ेंगे। सपा का कोर वोटर भी असमंजस में है, जबकि पार्टी हाईकमान ने कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। आज से नामांकन भी प्रारंभ हो रहे हैं। इसी बीच खबर आ रही है कि सपा के एक और बड़े नेता, जिनकी संगठन में भी अच्छी पकड़ है, लेकिन पिछले कुछ महीनों से वह पार्टी की बैठकों या राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ नहीं दिखते हैं और अखिलेश भी उनका नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसे में वह भी सपा से किनारा कर सकते हैं।

### दिनेश ने सपा छात्रसभा को दिए थे पंख



तालग्राम नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन दिनेश यादव छात्र जीवन से ही राजनीति में सक्रिय रहे और 25 साल तक सपा को मजबूत किया। सपा की छात्रसभा को मजबूत करने में भी खासा योगदान है, इसके बाद भी वह अखिलेश यादव का भरोसा नहीं जीत पाए। दिनेश अपने ही बलबूते पर चेयरमैन, जिला पंचायत सदस्य बने लेकिन पार्टी ने कभी टिकट नहीं दिया। संगठन में गुटबाजी व लगातार उपेक्षा का दंश झेलने के बाद भगवा चोला पहन लिया। कुशल एवं जुझारू कार्यकर्ता की छवि होने पर भी पार्टी संगठन में जगह नहीं बना पाए। देखना यह है कि वह सपा को कितना नुकसान व भाजपा को कितना फायदा पहुंचाते हैं।

### संजू कटियार भी नहीं जीत पाए भरोसा



समाजवादी पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाने वाले संजू कटियार भी राष्ट्रीय अध्यक्ष का भरोसा नहीं जीत पाए। 2019 में डिंपल की हार तो विधानसभा चुनाव में तीनों सीटें हारने के बाद वह सपा में हाशिये पर आ गए थे। उनकी बात पर पार्टी का आलाकमान भरोसा नहीं कर रहा था। अखिलेश भी कोई खास तवज्जो नहीं दे रहे थे, जबकि सपा शासन में पत्नी शिल्पी कटियार को जिला पंचायत अध्यक्ष बनाया गया था। इस लोकसभा चुनाव में संजू ने सपा से किनारा कर लिया। यहां तक कि सभी पदों के अलावा पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से भी त्यागपत्र दे दिया। वह भी छात्र राजनति से ही सपा में सक्रिय थे।

### धर्मेंद्र को टिकट मिली और न ही महत्व



कांग्रेस के टिकट पर छिबरामऊ से विस चुनाव लड़ने वाले उद्योगपति धर्मेंद्र यादव ने 2022 में विस चुनाव में सपा का दामन थामा था। विश्वास था कि अखिलेश उन्हें तिर्वा या छिबरामऊ से प्रत्याशी बनाएंगे, लेकिन यह भरोसा टूट गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कोई खास महत्व नहीं दिया। लोकसभा चुनाव में उन्हें सपा में अपना भविष्य नजर नहीं आया और भाजपा का दामन थाम लिया। इसके पीछे तर्क है कि वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में काम कर चुके हैं। अब देखना यह है कि भाजपा को उनका कितना फायदा मिलता है!

# आज फिर आएंगे अखिलेश यादव

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- इससे पहले दो अप्रैल को आए थे कार्यालय, की थी बैठक



**अमृत विचार।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव गुरुवार को एक बार फिर से पार्टी कार्यालय आयेंगे। यहां वह समाजवादी पार्टी के जिला सेक्टर प्रभारियों से मुलाकात करेंगे। माना जा रहा है कि वह लोकसभा चुनाव को लेकर प्रत्याशिता का एलान कर सकते हैं। इससे पहले वह दो अप्रैल को जिला कार्यालय में आयोजित सभा में आए थे।

सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव गुरुवार को दोपहर 12 बजे पार्टी कार्यालय पहुंचेंगे। यहां वह लोक सभा कन्नौज क्षेत्र के सेक्टर प्रभारियों से मुलाकात कर सपा प्रत्याशी को जिताने के लिये कमर कसने का मंत्र देंगे। पार्टी सूत्रों की माने तो सपा मुखिया प्रत्याशी की घोषणा कर सकते हैं। इस लिये पार्टी कार्यालय में सपाइयों की भारी भीड़ उमड़ सकती है। इस के लिये पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। फोरलेन पर जाम की समस्या से निपटने के लिये पुलिस रुट डायवर्जन कर सकती है। पार्टी में अच्छी पहुंच रखने वाले लोगों की मानें तो सपा मुखिया गुरुवार को भी प्रत्याशी की घोषणा नहीं करेंगे। वह सीधे 24 अप्रैल को नामांकन कर सकते हैं। हालांकि इस बात की अभी पुष्टि नहीं हुई है।

बताते चलें कि भाजपा दो मार्च को सांसद सुब्रत पाठक को चौथी बार प्रत्याशी बना चुकी है तो हाल ही में बसपा ने इमरान बिन जफर को उम्मीदवार घोषित किया है। इधर लंबे इंतजार के बाद भी सपा से किसी की उम्मीदवारी घोषित नहीं है। सपा के पुष्ट सूत्र बार-बार स्वयं अखिलेश के यहां से चुनाव लड़ने की बात कह रहे हैं जबकि सपा मुखिया पूर्व में कई बार तो दो अप्रैल को आए थे तब भी इस बात का संकेत दे चुके हैं। कई लिस्टें जारी होने के बाद भी कन्नौज से प्रत्याशी के नाम पर असमंजस बरकरार है। ऐसे में पार्टी के लोगों के अलावा आम जन भी उत्सुक है कि गुरुवार को वे खुद की उम्मीदवारी पर मोहर लगाते हैं या नहीं? इस संबंध में एआरओ/एसडीएम सदर अविनाश गौतम ने बताया कि पार्टी कार्यालय में सपा कार्यकर्ताओं की तरफ से हवन किया जा रहा है। इसके बाद सभा होगी जिसको लेकर 500 लोगों की अनुमति ली गई है।


शीतला देवी मंदिर में लगीं भक्तों की कतारें। अमृत विचार


मठिया देवी मंदिर पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़। अमृत विचार


कन्या भोज में प्रसाद ग्रहण करतीं कन्याएं। अमृत विचार

# श्रद्धा, उल्लास और उत्साह से मनाई श्रीरामनवमी

## सुबह से ही मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, देवी भक्तों ने कन्या भोज कर तोड़ा व्रत, पुलिस व प्रशासन के रहे पुख्ता इंतजाम

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया । सुबह से ही मंदिरों में देवी भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी आज लोगों में गजब का उत्साह देखने को मिला।

देर शाम तक मंदिरों के बाहर लंबी-लंबी कतारे लगी रहीं । इस दौरान देवी भक्तों ने कन्याओं को भोज कराकर अपना व्रत तोड़ा। सर्वाधिक भीड़ शीतला देवी मंदिर बढ़पुर पर रही। यहां उमड़ी भक्तों की भीड़ की वजह से कानपुर फर्रुखाबाद मुख्य मार्ग पर कई बार जाम लगा। पुलिस की सक्रियता की वजह से यातायात बहाल रहा । बताते चलें की शहर के शीतला देवी मंदिर पर रामनवमी के दिन दूर दराज से देवी भक्त आ कर अपना व्रत पारायण करते हैं। देवी से मनौती मांग कर अगली बार आने का वादा करते हैं। यहां दूर दराज से महिलाएं आकर आज के दिन अपने बच्चों का मुंडन करवाती है, जिसकी वजह से यहां भारी भीड़ लगी रहती है। मंदिर परिसर में महिलाएं देवी के भजन और कीर्तन गाकर आत्मिक


अमृतपुर में प्रभु श्रीराम के बाल रूप के दर्शन करते भक्त। अमृत विचार

आनंद और मानसिक शांति की अनुभूत करती हैं। आज जहां मंदिरों में जाकर भक्तों ने देवी पूजा की। वहीं अधिकांश लोगों ने अपने घर में स्थापित की गई देवी की पूजा अर्चना करके कन्या भोज कराया और कन्याओं को उचित दक्षिणा देकर उनसे आशीर्वाद लिया।

शहर के मठिया देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ रही। इसके साथ-साथ गमा देवी मंदिर और वैष्णों देवी मंदिर भोलेपुर पर भी भारी भीड़ रही। महाभारत कालीन मंदिर गुड़गांव देवी मंदिर पर भी भक्तों की भारी भीड़ रही। भक्तों ने यहां पहुंचकर मां से मनौती मांगी और जिनकी मिन्नत पूरी हो गई थी उन्होंने यहां आकर पूजा अर्चना कर पंडा पुजारी को यथा योगदान दक्षिणा दी। सुबह से शाम तक देवी भक्तों की वजह से मंदिरों पर मेंला लगा हुआ है और जगह-जगह लोग देवी भक्तों को शरबत और पानी पिलाकर उनका गला तर कर रहे हैं। भारी संख्या में लोग सड़कों पर स्टाल लगाकर देवी भक्तों को रोककर उन्हें शरबत और पानी पिला कर पुण्य कमा रहे है।

**कायमगंज संवाददाता के अनुसारः** पूजा अर्चना कन्या भोज के साथ ही भक्ति मय वातावरण में रामनवमी का पर्व मनाया गया। अटूट आस्था पूरी श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ पिछले 9 दिनों से मां भगवती के 9 स्वरूपों की विधिवत पूजा अर्चना करते हुए भक्तों ने व्रत धारण कर अपना अनुष्ठान आज पूरा किया। जगत के पालनहार भगवान विष्णु ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के रूप में आज ही के दिन अवतार लिया था । इससे पहले शक्ति -स्वरूपा जगत जननी का पूजन अर्चन किया गया था । उसी समय से 9 स्वरूपों के पूजन उपरांत रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। आज 17 अप्रैल को वही शुभ अवसर है । हर जगह बड़े स्नेहमयी भक्ति मय वातावरण में कन्या भोज का आयोजन किया गया । आज इस रामनवमी उत्सव के अवसर पर पुरुष महिलाएं युवक युवतियों तथा बच्चे सजे धजे परिधानों के साथ , हाथ में पूजा की थाल - जल लेकर मंदिरों की ओर जा रहे हैं । तड़के सवेरे से ही नगर के गमा देवी मंदिर चिलौली ,मां भगवती फूलमती देवी मंदिर सघवाड़ा , मां ललिता देवी मंदिर , पानी टंकी मंदिर , लंगड़े बाबा मंदिर, बजरिया इसी तरह प्राचीन धार्मिक तीर्थ नगरी कंपिल के ऐतिहासिक मंदिरों तथा यहां के अस्तल मंदिर एवं कोट वाली देवी मंदिर आदि देवस्थानों पर भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है । इस पावन अवसर पर कस्बा शमशाबाद तथा नवाबगंज के भी मंदिरों पर आस्था का सैलाब दिखाई दे रहा है । ठीक इसी तरह समूचे ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक गांव के हर घर में पूजा अर्चना के साथ ही देवी गीतों की गूंज सुनाई दे रही है

**अमृतपुर संवाददाता के अनुसारः** कस्बा स्थित प्राचीन ठाकुरद्वारा मंदिर नवदुर्गा के प्रथम दिन से जिलापंचायत सदस्य अजय कुमार सिंह लल्ला चौहान द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया। क्षेत्र के बड़ी संख्या मे भक्तों ने व्यास अरविंद शास्त्री द्वारा सुनाई जाने वाली श्रीमद्भागवत कथा का रसपान किया। रामचरित मानस के भारत मिलाप का का वर्णन सुन श्रोता भावविभोर हो गए। आज राम नवमी के दिन भक्तों द्वारा ठाकुरद्वारा मंदिर पर राम जनमोत्सव का आयोजन किया गया। भक्त रामभक्ति मे सराबोर दिखाई दिए। प्रेम से बोलो हैप्पी बर्थडे टू यू..... गाने पर पंडाल मे मौजूद महिला एवम् पुरुष भक्तगण थिरकने को मजबूर हो गए। यजमान लल्ला चौहान ने भगवान राम के बाल स्वरूप के भक्तों को दर्शन कराए। सुखेंद्र सिंह सोमवंशी, जिला प्रचारक प्रवीण , नरेंद्र देव तिवारी, रघुपाल सिंह, जयपाल सिंह भदौरिया, सहित बड़ी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

### आरती करते महिला झुसली, हालत गंभीर

**क़ायमगंज फर्रुखाबाद।** राम नवमी पर आरती करते समय महिला को आग लग गई, जिससे वह गम्भीर रूप से झुलस गई। महिला की हालत गम्भीर देखते हुए उसे रेफर कर दिया गया है। कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के मोहल्ला नोनियमगंज निवासी ऋषि गुप्ता की 34 वर्षीय पत्नी ऋचा गुप्ता रामनवमी पर घर मे हवन कर रही थी। हवन के बाद वह आरती करने लगी। तभी किसी प्रकार आरती की लौ से उनके दुप्पट्टे में आग लग गयी । जिससे वह जलकर गंभीर रूप से झुलस गई। आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया गया।

# भक्तों ने शोभायात्रा का जगह-जगह किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** रामनवमी के अवसर पर फर्रुखाबाद और फतेहगढ़ युग्म नगरों में धूमधाम से प्रभु श्रीराम की शोभायात्राएं निकाली गईं। जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। यात्रा में शामिल झाकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। यात्रा में शामिल लोग भगवा झंडा लेकर भी चल रहे थे।

बुधवार देर शाम रेलवे रोड स्थित सरस्वती भवन से श्रीराम विविध कला केंद्र की ओर से प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा का उद्घाटन हुआ। शोभायात्रा में सबसे आगे चल रहे डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों पर युवा झूमते-गाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न की झांकियों के साथ ही भगवान शंकर, मां दुर्गा आदि की झांकियां शामिल थीं। शोभायात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु की भीड़ थी। हाथों में भगवा ध्वज लेकर लोग जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुए भी चल रहे थे। चौक पर शोभायात्रा का पुष्पवर्षा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा रेलवे रोड, चौक, घुमना बाजार, नितगंजा आदि मार्गों से होती हुई वापस सरस्वती भवन पहुंची, जहां समापन हो गया। यहां स्वरूपों की आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्थापक विजय दुबे उर्फ मटरलाल, कार्यकारी अध्यक्ष मुन्ना गुप्ता, मंत्री दीपक मिश्र, सह संयोजक सागर भारद्वाज के अलावा विमलेश मिश्र, सौरभ मिश्र व आदित्य नारायण आदि मौजूद रहे।

वहीं श्रीराम लीला परिषद फतेहगढ़ की ओर से बनखड़िया से धूमधाम से भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। मुख्यमार्गों से होती हुई यात्रा सब्जी मंडी फतेहगढ़ स्थित श्री रामनिवास मंदिर पहुंची, जहां समापन हो गया। यात्रा में शामिल श्रीराम, लक्ष्मण, भरत व शत्रुघ्न के स्वरूपों को लोग टकटकी लगाए देख रहे थे। आरती के बाद प्रसाद बांटा गया। इससे पहले हवन-पूजन का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर अध्यक्ष रवीश द्विवेदी, महामंत्री पंकज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष चमन टंडन, मुन्नालाल वार्ष्णेय, राजू मिश्र, संजय रस्तोगी, बबलू गोस्वामी, धीरज कुमार, आशीष मिश्र, रवि मिश्र व सभासद अनिल तिवारी आदि मौजूद रहे।



शोभायात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

# एचटी लाइन की चिंगारी से गेहूं की फसल जलकर राख

संवाददाता शमशाबाद फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** हाई टेंशन लाइन से गिरी चिंगारी से खेत में तैयार खड़ी फसल जल कर राख हो गई। किसानों ने नलकूप चलाकर आग पर काबू पाया। सूचना तहसील अधिकारियों को दी। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर शैद बाड़ावाला निवासी जयशरण गंगवार का गांव से कुछ दूरी पर स्थित तालाब के पास खेत है। जिसमे गेहूं की फसल तैयार की गई। वर्तमान में गेहूं तैयार खड़ा है । तमाम किसानों द्वारा कटाई मड़ाई का दौर जारी है । बताते चलें कि जयशरण के खेत में खड़ी फसल को काटने की तैयारी हो रही थी । बुधवार शाम 4:00 बजे के करीब तेज हवाओं


धू-धूकर जलती गेहूं की फसल। अमृत विचार

के चलते हाईटेंशन लाइन के तार आपस में टकरा गए । जिससे अचानक निकली चिंगारी गेहूं के खेत में गिर गई और गेहूं के खेत मे आग लग गयी। देखते देखते फसल धू धू कर जलने लगी। जानकारी मिलते ही ग्रामीणों का हुजूम मौके पर पहुंचा और लाठी डंडों तथा गन्ने की फसल तोड़कर आग बुझाने का प्रयास किया । कुछ लोगों ने नलकूप चलाकर आग बुझाने की कोशिश की। हवाएं तेज चल रही थी काफी प्रयास किया जा रहा था मगर आग बुझने का नाम नहीं ले रही थी । ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर जैसे के तैसे आग पर काबू पाया।

बताते हैं ग्रामीण जयशरण सिंह के खेत में खड़ी तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई । वहीं ग्राम रजला मई निवासी प्रमोद गंगवार की भी लगभग 5 विश्वा गेहूं की फसल जल गई । इसके साथ ही पास में एक अन्य किसान अनूप गंगबार के खेत में भी चार विश्वा कटी पड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई ।आगजनी की घटना के बाद मायूस किसान प्रकृति के निर्णय पर अफसोस जताकर खुद को कोश रहे थे । वही ग्राम प्रधान संजीव कुमार ने बताया आगजनी की सूचना तहसील प्रशासन को दे दी गई है। समाचार लिखे जाने तक किसी भी प्रशासनिक अधिकारी की मौके पर पहुंचने की सूचना नहीं है।

### खाना बनाते समय महिला आग से झुलसी, भर्ती

**फर्रुखाबाद।** थाना शमशाबाद क्षेत्र के गांव कटरी तौफीक निवासी शेर सिंह की 25 वर्षीय पत्नी पूनम घर में खाना बना रही थी। तभी पूनम की साड़ी में आग लग गई। जिससे महिला पूनम गंभीर रूप से झुलस गई। घर वालों ने आनन फानन में महिला पूनम को सीएचसी शमशाबाद में भर्ती कराया वहां से डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर भानू प्रताप सिंह ने बताया है । कि 108 एम्बुलेंस की सहायता से जली हुई महिला पूनम को लाया गया है । प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया है ।

## विधि छात्र को धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज

**फर्रुखाबाद।** मोबाइल पर एलएलबी के छात्र को जानमाल की धमकी दी गई। छात्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नगला दीना निवासी निशांत सिंह एलएलबी के छात्र हैं। निशांत ने बताया कि मंगलवार को उसके मोबाइल पर कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने उसे अपना परिचय पुलिसकर्मी के रूप में देते हुए बघार स्थित राजपूताना चौकी बुलाया। कारण पूछने पर व्यक्ति गालीगलौज करने लगा। जान से मारने की धमकी दी। उसके मोबाइल पर जान से मारने का मैसेज भी भेजा। निशांत की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ एससीएसटी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## सार-संक्षेप


भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष के साथ अरविंद ठाकुर। अमृत विचार

### बसपा के अरविंद ठाकुर ने थामा भाजपा का दामन

**फर्रुखाबाद।** बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रदेश सेक्टर अध्यक्ष सविता भाईचारा कमेटी अरविंद ठाकुर ने आज भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। उन्होंने जिला पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता तथा भोजपुर विधायक माननीय नागेंद्र राठौर की मौजूदगी में अपने सैकड़ों साथियों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता स्वीकार कर ली है। अरविंद ठाकुर ने कहा भारतीय जनता पार्टी ने हमारे पूर्व मुख्यमंत्री बिहार सरकार कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देकर पूरे सविता समाज को सम्मान देने का कार्य किया है। भारतीय जनता पार्टी एवं सम्मानित हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हम आभार प्रकट करते हैं और आने वाले लोकसभा चुनाव में फर्रुखाबाद की सीट भारतीय जनता पार्टी के खाते मे दिलाने के लिए सविता समाज पूरी ताकत के साथ अपना वोट देगा।

### छत से गिर कर बच्चा घायल, भर्ती

**क़ायमगंज फर्रुखाबाद।** जिला एटा के थाना अलीगंज क्षेत्र के गांव ओरछा नहर निवासी धर्मेंद्र का 8 वर्षीय पुत्र यश अपनी ननिहाल में अपनी मां सोनी के साथ आया हुआ था। वह छत पर खेल रहा था तभी खेलते-खेलते नीचे कच्ची जमीन पर आ गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया गया।

### मार्ग दुर्घटनाओं में तीन की हालत गंभीर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** अलग अलग मार्ग दुर्घटना में नगर के रेलवे रोड निवासी संतोष कुमार, नगर से सटे गांव लालपुर पट्टी निवासी सुनील, मेहंदीबाग निवासी अनुभव शाक्य घायल हो गए। आसपास के लोगों सीएचसी लेकर आए, जहां तीनों का इलाज किया जा रहा है।


मगरमच्छ को पकड़ते किसान। अमृत विचार

## खेत में मगरमच्छ निकलने से मचा हड़कंप

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के मड़ैया तौफीक निवासी सुखदेव आज सुबह अपने कटरी स्थित खेत मे गेहूं की फसल काटने गए थे। खेत में अजीब आवाज सुनाई दी। उन्होंने पास जाकर देखा तो मगरमच्छ दिखाई दिया। देखकर डरा सहमा किसान खेत से बाहर आया और आस पास के किसानों को सूचना दी। सूचना पर 112 नंबर पुलिस, थाना पुलिस ने मौके पर पहुंची और वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मगरमच्छ को पकड़ लिया और साथ ले गए। वन विभाग की टीम ने अंदेशा जताया की पास के तालाब से निकलकर किसी जानवर का पीछा करता हुआ मगरमच्छ खेत तक पहुंच गया।

# महिलाओं की चेन तोड़ने की रिपोर्ट दर्ज

**फर्रुखाबाद।** भागवत सुनने गईं चार महिलाओं की सोने की चेन तोड़े जाने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना पांच दिन पहले की है।

फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नेकपुर कला अरविंद सिंह पूर्व प्रधान है। उनकी पत्नी अल्का 12 अप्रैल को भागवत कथा सुनने के लिए गई थी। मोहल्ले की प्रमीला भी कथा सुनने के लिए गई हुई थी। आरती के बाद वापस आते समय अज्ञात लोगों ने अल्का सिंह व प्रमीला सहित चार महिलाओं की गले से सोने की चेन तोड़ ली।

इस मामले में 13 अप्रैल को चौकी कर्नलगंज में तहरीर दी। पुलिस ने अरविंद व कौशल किशोर की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ पत्नी अल्का व प्रमीला की सोने की चेन तोड़कर ले जाने का मुकदमा दर्ज कर लिया। कौशल किशोर ने बताया कि दो अन्य महिलाओं की चेन भी तोड़ी गई थी। लेकिन उनके द्वारा पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई थी। कोतवाल हरिश्याम सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर माल बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

**लोकसभा चुनाव-2024** गठबंधन की संयुक्त प्रेसवार्ता में प्रत्याशी को जिताने का किया गया आह्वान, सभी ने दिखाई एकजुटता

# नवल किशोर शाक्य पर लगी इंडिया गठबंधन की मोहर

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** डॉ. नवल किशोर शाक्य पर इंडिया गठबंधन की मोहर लग गई है। बुधवार को केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर आयोजित इंडिया गठबंधन की संयुक्त पत्रकार वार्ता में इंडिया गठबंधन के घटक दलों ने एक स्वर में गठबंधन प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य को चुनाव लड़ाने का और भारी मतों से जिताने का आह्वान किया।

जसमई स्थित केंद्रीय चुनाव कार्यालय में इंडिया गठबंधन की संयुक्त पत्रकार वार्ता में आप,कांग्रेस, सपा व महानदल समेत कई दलों के नेताओं ने प्रतिभाग किया। सपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि जनता भाजपा के झूठे वादों में अब नहीं आएगी। आप जिलाध्यक्ष नीरज प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा



पत्रकारों से रूबरू होते सांसद प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य। अमृत विचार

- **प्रत्याशी बोले, बड़े भाई सलमान खुर्शीद ने भी दे दिया है अपना आशीर्वाद**

ईडी का डर दिखाकर राजनीति करने पर अमादा है। कांग्रेस के प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी अनूप वर्मा ने कहा कि इंडिया गठबंधन दमदारी से डॉ. नवल किशोर शाक्य को चुनाव लड़ाएगा। एक सवाल के जवाब में सांसद प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य ने कहा कि पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद उनके बड़े भाई हैं। उनसे भेंटकर वह आशीर्वाद ले चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगर जनता का आशीर्वाद मिला तो वह जनपद में सबसे पहले रोजगार के साधन उपलब्ध कराएंगे। 23 साल से बंद पड़ी कंपिल कताई मिल चालू कराने का प्रयास करेंगे। सांसद का मिलने वाला वेतन गरीब बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करुंगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक अजीत कठेरिया, कांग्रेस के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष मनोज गंगवार, पूर्व जिलाध्यक्ष मृत्युंजय शर्मा, विवेक यादव, नदीम अहमद फारुकी, इलियास मंसूरी, महान दल जिलाध्यक्ष कैप्टन प्रभात वर्मा, जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र शाक्य व पूर्व प्रधान मिथुन शाक्य आदि रहे।

### इंडिया गठबंधन चुनाव कार्यालय में दो पक्ष भिड़े, चलीं कुर्सियां

**फर्रुखाबाद।** इंडिया गठबंधन केंद्रीय चुनाव कार्यालय में बुधवार को दो पक्ष आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट व कुर्सियां चलनें लगीं। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने एक युवक को हिरासत में ले लिया। हालांकि मौका पाकर वह भी भाग गया, जिस पर दूसरे पक्ष ने पुलिस पर आरोप लगाने शुरू कर दिए। जैसे-तैसे प्रत्याशी ने मामला शांत कराया। फर्रुखाबाद-कायमगंज मार्ग स्थित इंडिया गठबंधन केंद्रीय चुनाव कार्यालय में बुधवार दोपहर किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद होने लगा। देखते ही देखते दोनों पक्षों के मारपीट शुरू हो गई और साथ ही साथ कुर्सियां भी चलने लगीं। एक पक्ष दूसरे पक्ष के युवक को कार्यालय से बाहर सड़क पर खींच लाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एक पक्ष के युवक को हिरासत में लिया तो दूसरे पक्ष के लोगों ने नाराजगी जताई। मौका पाकर युवक पुलिस की गिरफ्त से छूटकर भाग गया। इस पर हंगामा होने लगा। एक पक्ष युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने पर अड़ गया। इंडिया गठबंधन प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य ने जैसे-तैसे दोनों पक्षों को समझाकर मामला शांत कराया। प्रत्याशी डॉ. नवल किशोर शाक्य ने बताया कि सब अपने ही लोग थे। दोनों पक्षों में समझौता करा दिया गया है। दूसरे पक्ष के लोग भी उनके भाई जैसे हैं।

# तीन बार जीता सलमान परिवार

चन्द्रपाल सिंह सेंगर, फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद संसदीय सीट पर अब तक हुए लोक सभा चुनाव में तीन बार मुस्लिम उम्मीदवार विजयी घोषित हुए। तीनों बार खुर्शीद परिवार ने ही इस सीट पर जीत दर्ज कराई। एक बार उनके पिता खुर्शीद आलम पहले मुस्लिम सांसद चुने गए। इसके बाद दो बार सलमान खुर्शीद ने जीत दर्ज कराई।

राजनीति की बात करें तो मुस्लिम नेताओं ने अपने पैर जमाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पर यहां से केवल तीन बार ही मुस्लिम सांसद हुए। चुनाव के 32 साल बाद पहली मर्तबा 1984 में यहां से मुस्लिम प्रत्याशी को विजयश्री मिली। इस चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति जाकिर हुसैन के दामाद खुर्शीद आलम जीते थे। वह कर्नाटक व गोआ के राज्यपाल भी रहे। इसके बाद दो बार 1991 व 2009 में उनके पुत्र पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद चुने गए। खास

- **फर्रुखाबाद सीट से लड़े तो कई मुस्लिम नेता पर जीते नहीं**

बात यह कि तीन बार के विधायक धुंआधार नेता रहे अनवार मोहम्मद खां ने लोकसभा के चार चुनाव लड़े लेकिन चारों बार वे हारे। सलमान खुर्शीद दो बार जीते जरूर पर वह पांच व उनकी पत्नी दो बार हारीं।

मुस्लिमों से पहला लोकसभा चुनाव स्वतंत्र पार्टी के एसएम अहमद ने 1967 में लड़ा। इस चुनाव में अवधेश सिंह जीते थे। एसएम अहमद 5.4 प्रतिशत वोट के साथ पांचवें स्थान पर रहे। 1971 में अनवर बख्त निर्दलीय उतरे। दूसरी बार सांसद बने अवधेश सिंह ने अनवर बख्त को आखिरी सातवें नंबर पर पहुंचा दिया। 1977 में रिपब्लिकन पार्टी से सदीक नाबाज ने भाग्य आजमाया तो दयाराम शाक्य चुनाव जीत गये। 9164 मत के साथ सदीक नवाज चौथे नंबर पर रहे। वहीं 1974, 1980 व 1989 में विधायकी जीते तेजतर्रार अनवार मोहम्मद खां ने चार बार मुंह की खाई। 1980 में पहली बार वह निर्दलीय उतरने पर उन्हें 64,702 वोट मिले और वे चौथे नंबर पर रहे। दूसरी बार 1984 में लोकदल की टिकट पर 80,711 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे।

यह चुनाव खुर्शीद आलम ने जीतकर 32 साल बाद पहला मुस्लिम सांसद बनने का कारनामा किया। 1991 में अनवार खां ने तीसरा चुनाव हारा। इस चुनाव में खुर्शीद आलम के पुत्र पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने अनवार मोहम्मद को 38,150 मतों से दूसरे स्थान पर धकेल दिया। 1996 में अनवार मोहम्मद खां सपा से चौथी बार चुनाव में उतरे तो इस बार चुनाव में भाजपा के साक्षी महाराज ने उन्हें 1,84978 वोटों से हराया। सलमान खुर्शीद दो बार चुनाव जीते पर 1989, 1996, 1998, 2014 व 2019 के कुल 5 चुनाव हारे भी ।

# श्रीराम के जयकारों से गूंजे मंदिर और गलियां

## जिले भर में आस्थापूर्वक मनाया गया रामनवमी का पर्व, भरथना के मंदिरों में हुए धार्मिक अनुष्ठान

संवाददाता भरथना (इटावा)

**अमृत विचार।** मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का जन्मोत्सव जिले भर में श्रद्धाभाव से मनाया गया। धार्मिक अनुष्ठानों के माध्यम से स्तुति की गई। मंदिर-गलियां श्रीराम के जयकारों से गूंजते रहे।

विधूना रोड स्थित शक्तिपीठ श्री बालरूप हनुमान जी महाराज हनुमान गढी (छोला मन्दिर) प्रांगण में स्थापित श्री रामदरबार में जन्मोत्सव के मौके पर चल रहा श्री रामचरित मानस पाठ का समापन किया गया। पंडित राहुल दीक्षित ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-पूजन कराया। शंख, घंटा की मधुर ध्वनियों के बीच 56 भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। मंदिर प्रबंधक राजू चौहान, राजेश चौहान, संजीव श्रीवास्तव, दीपू दीक्षित, रूद्रपाल सिंह भदौरिया, डॉ. अभिनव दुबे, अन्नू दीक्षित, रिंकू चौहान, हरिहर भदौरिया, राजेन्द्र अवस्थी, वावन गुप्ता, पंकज चौहान, जितेन्द्र सिंह राजावत, महेश शर्मा, गजेन्द्र राजावत, सुनील शारदा, श्याम वर्मा, रामजी भदौरिया आदि मौजूद रहे।


छोला मंदिर में सजा राम दरबार।


लखना मंदिर में झंडा चढ़ाने जाते श्रद्धालु। अमृत विचार

### रामनवमी का पर्व मनाया

**बकेवर, इटावा।** बकेवर, लखना और ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार को रामनवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। जगह-जगह हवन-पूजन व भंडारे हुए। घरों में कन्याओं का भी पूजन किया गया। थाना परिसर में कन्या भोज का आयोजन हुआ। सिपाही अमित कुमार ने कन्या भोज कराया। पिज्जा हब के संचालक चंदन तिवारी ने रामनवमी का पूजन कराया। चंदपुरा स्थित श्याम जी तिवारी ने बकेवर चौराहे पर रवि पाठक, डॉ. अमित दीक्षित ने श्रीराम चंद्र का प्राकट्योत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया।

### बच्चों को दें श्रीराम के आदर्शों पर चलने की सीख : कल्पना

**इटावा।** राम हमारे आदर्श हैं हम सबको अपने बच्चों को राम के जीवन पर आधारित कहानी सुनानी चाहिए। सप्ताह में एक बार उन्हें रामायण की चौपाइयां याद करनी चाहिए। उक्त विचार क्षेत्रीय संयोजिका कल्पना वर्मा ने पुरविया टोला में आयोजित राम उत्सव कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राम यदि पिता की आज्ञा न मानकर वनवास न गए होते तो आज वह मर्यादा पुरुषोत्तम राम न होते राम के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। आज पिता राम जैसा पुत्र चाहता है, हर पत्नी राम जैसा पति चाहती है, और हर भाई राम जैसा भाई चाहता है। नगर संयोजिका उर्मिला भदौरिया ने कहा कि हम सब राम के जन्मोत्सव को हिंदू नव वर्ष से प्रतिदिन मना रहे हैं। इसी क्रम में आज पुरबिया टोला में राम उत्सव मनाया गया। यह क्रम हनुमान जयंती तक चलता रहेगा। विहिप के जिला मंत्री संतोष शर्मा, नगर सह मंत्री विनय गुप्ता, आरबी भदौरिया, नगर सह संयोजिका मोहिनी वर्मा, कविता वर्मा, दीपेश वर्मा, बहादुर वर्मा, अवधेश वर्मा, मटरू राजपूत आदि उपस्थित रहे।



राम उत्सव पर पूजा-अर्चना करते कार्यकर्ता।

# माता दक्षिणेश्वरी की मूर्ति को अपलक निहारते रहे देवी भक्त

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** नवरात्र के मौके पर शहर के यमुना तिलहटी स्थित प्राचीन मां कालीबाड़ी मंदिर पर माता दक्षिणेश्वरी देवी का भव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर को रंग बिरंगी लाइट और फूलों से सजाया गया। देर रात तक भक्त मंदिर में दर्शन को पहुंचते रहे। भक्तों ने मंदिर पहुंचकर माता के दरबार में माथा टेका और प्रसाद ग्रहण किया।

अष्टमी के दिन श्री कालीबाड़ी मंदिर के महंत स्वामी सुबोधानंद महाराज की देख रेख में माता का श्रृंगार शुरू किया गया। माता दक्षिणेश्वरी देवी को विभिन्न देशी-विदेशी फूलों से सजाया गया। साथ ही मंदिर परिसर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। देर शाम माता के श्रृंगार के दर्शन के लिए मंदिर के पट खोले गए और सबसे पहले माता की आरती की गई। आरती में शहर भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होने पहुंचे।

आरती के बाद भी देर रात तक मंदिर पर दर्शन करने के लिए पहुंचने वाले भक्तों का तांता लगा रहा। देवी भक्तों ने यहां पहुंचकर सबसे पहले माता दक्षिणेश्वरी देवी के दर्शन किए। इसके बाद मंदिर परिसर में स्थित राधा कृष्ण, भगवान गणेश व राम दरबार के दर्शन कर पूजा अर्चना की। प्राचीन समय से मंदिर पर नवरात्र के पावन अवसर पर प्रतिदिन पूजा पाठ के लिए देवी भक्ति पहुंचते हैं। इसके साथ ही यहां होने वाले आयोजनों में भी शामिल होते हैं।


कालीबाड़ी मंदिर में किया गया माता दक्षिणेश्वरी का श्रृंगार। अमृत विचार

### खाटू श्याम मंदिर पर भजन संध्या कल

इटावा। यहां मोहल्ला छिपेटी पटीगली स्थित खाटू श्याम मंदिर पर भजन संध्या का आयोजन 19 अप्रैल को किया जाएगा। भजन संध्या शाम 6 बजे शुरू होगी। इसमें एएस म्यूजिकल ग्रुप के कलाकार भजन प्रस्तुत करेंगे। यह जानकारी रमेश सक्सेना व राजेश कुमार शर्मा ने दी है। उन्होंने बताया है कि 19 अप्रैल को छप्पन भोग भी लगाया जाएगा।

# महिला को खुदकुशी के लिए उकसाने की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- आरोपी ससुर ने भी बहू की मां भाई व बहन को बनाया आरोपी

**अमृत विचार।** सात महीने पहले विवाहिता द्वारा खुदकुशी करने के मामले में मृतका के पिता ने ससुरालियों के खिलाफ दहेज की खातिर हत्या करने की रिपोर्ट न्यायालय के आदेश पर दर्ज कराई है।

थाना चौबिया क्षेत्र के गांव बिहारीपुर में 05 सितंबर 2023 को ऋषि कुमार की 24 साल की पत्नी प्रीती ने खुदकुशी कर ली थी। थाना भरथना क्षेत्र के गांव नगला बली में रहने वाले मृतका के पिता रामप्रकाश ने मृतका के पति सहित अन्य ससुरालियों के खिलाफ दहेज की खातिर गला दबाकर हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जमानत पाकर मृतका के ससुर श्रीपाल ने न्यायालय से आदेश कराकर मृतका की मां रामादेवी पत्नी रामप्रकाश, बहन साधना तथा भाई महेंद्र के खिलाफ खुदकुशी को उकसाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

शिकायतकर्ता के अनुसार बेटे की पांच साल पहले शादी हुई थी, पत्नी शादी के बाद अलग रहने लगी। दिन में कई बारे गैर लोगों से फोन पर काफी देर तक बात किया करती थी। इसकी शिकायत इन लोगों से की, इन नामजद तीनों ने उसे इसकदर उकसाया कि उसने खुदकुशी कर ली। पुलिस को फोन रिकार्डिंग सुनाई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई, तब हमने न्यायालय की शरण ली। चौबिया थाना प्रभारी मंसूर अहमद ने बताया कि इस मामले की जांच की जाएगी।

# दो पक्षों में लाठी-डंडे चले, पांच पर रिपोर्ट

**सैफई, इटावा।** थाना क्षेत्र के चंदेपुर गांव में घर के सामने भूसा डालने को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। दो पुरुष व तीन महिलाओं सहित पांच के खिलाफ थाना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांव चंदेपुरा निवासी विनीता देवी पत्नी सर्वेश यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज में बताया कि कि 15 अप्रैल को सुबह 9:30 बजे उसका पति खेत से ट्रैक्टर-ट्रॉली में भूसा लेकर घर पर आया। घर के बाहर भूसा पलट दिया। इसी को लेकर पड़ोसी श्याम सिंह, बृजकिशोर, पप्पी देवी, शीला देवी, रजनी ने पहले घर के बाहर गली में मारपीट की। उसके बाद घर के अंदर घुकर भी मारपीट की और घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा ने बताया कि दो पक्षो में झगड़ा हुआ है। महिला की तहरीर के आधार पर तीन महिला सहित पांच पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# शॉर्ट सर्किट से 20 बीघा फसल जली

संवाददाता, सैफई (इटावा)

**अमृत विचार।** गर्मी बढ़ने के साथ बिजली के झूलते तार फसलों पर आफत बनकर टूट रहे हैं। जिले के कई हिस्सों में बिजली की शार्ट-सर्किट की चिंगारी से खेतों में आग की घटना सामने आ रही हैं। उसके बाद भी विद्युत विभाग ध्यान नहीं दे रहा है।

बुधवार को दोपहर करीब एक बजे सैफई महिला थाने के सामने ग्राम रमईयापुर के पास निकली हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के चाचा अभय राम सिंह की 20 बीघा गेहूं की फसल जल गई। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर घंटों देर से पहुंची। जिससे नुकसान अधिक हुआ। इसको लेकर अन्य किसान फायरकर्मियों को कोसते रहे। हालांकि इससे पहले सैफई थाने के कांस्टेबल, योगेश्वर सिंह, अपनी टीम के साथ कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पा लिया।


खेत में लगी आग बुझाते पुलिसकर्मी। अमृत विचार

### एचटी लाइन की चिंगारी से लगी आग

**बसरेहर, इटावा।** चौबिया थाना क्षेत्र के गांव बखर व किशनपुरा के बीच में जंगलायत के ऊपर से गुजरी 11000 की बिजली की लाइन की चिंगारी से जंगलायत में आग लग गई। धीरे-धीरे आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। गांव वालों ने आग की लपटों को देखा तो आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। आग बुझाने का काफी प्रयास किया। नाकाम होने पर होने पर चौबिया पुलिस व दमकल विभाग को सूचना की। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी में मसक्त के बाद आग पर काबू पाया। आसपास के खेतों में गेहूं की फसल दो दिन पहले ही काट ली गई थी जिसे कोई जनहानि नहीं हुई है। आग से रामनरेश यादव पुत्र कालका प्रसाद निवासी किशनपुर के खरफूस के बंगले में भी नुकसान हुआ है।

## सार-संक्षेप

### भाजपा का बूथ सम्मेलन आज

**इटावा।** भारतीय जनता पार्टी के जसवंतनगर विधानसभा का बूथ सम्मेलन 18 अप्रैल को एक मैरिज होम में होगा। मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव एवं लोकसभा प्रत्याशी जयवीर सिंह होंगे। विधानसभा संयोजक विकास भदौरिया ने सभी कार्यकर्ताओं से समय से कार्यक्रम में पहुंचने का अनुरोध किया है।

### वृद्धा को मारपीट कर किया घायल

**बकेवर, इटावा।** थाना क्षेत्र के ग्राम कुंदनपुर थाना बकेवर निवासी राजा बेटी उर्फ सुलानिया उम्र 80 वर्ष पत्नी सीताराम ने गुरुवार की दोपहर में बकेवर थाने में पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र में देते हुए बताया कि पांच दिन पूर्व उनकी भांजी उनके घर आई थी। वह घर के बाहर खड़ी थी। गांव का एक युवक उसे देखकर हंस रहा था। मना करने पर युवक ने घर में घुसकर मारपीट कर पटक दिया। जिससे वृद्ध महिला घायल हो गई। उस समय उनके परिजन रिश्तेदारी में गए हुए थे। जब परिजन घर आए उसके बाद उपचार के लिए महेवा सीएचसी अस्पताल ले गए। पुलिस ने जांचकर रही है।

### मुख्य अभियंता ने कालिका देवी के किए दर्शन

**बकेवर, इटावा।** विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता रामप्रकाश ने कालिका देवी मंदिर लखना पर पहुंचकर माथा टेका व प्रदेश के अमन चैन की दुआ करते हुए मां के दर्शन किए। उनके साथ उपखंड अधिकारी भूप सिंह व अवर अभियंता कन्हैयालाल, लिपिक प्रवीण कुमार, लाइनमैन प्रेम कुशवाहा, सुरेश पांडेय, पप्पू पाल, महेंद्र यादव, कल्लू, मौजूद रहे।

### घायल महिला की इलाज के दौरान मौत

**इटावा।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लालपुरा निवासी प्रमोद कुमार अपनी पत्नी नीलम देवी (43) के साथ चार अप्रैल को बाइक से कहीं जा रहे थे। कुम्हावर रोड पर इटगांव के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी हादसे में नीलम घायल हो गईं। उन्हें पीजीआई में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई।

### नौसेना में अधिकारी बने रौनक दुबे

**महेवा, इटावा।** सराय नरोत्तम स्थित अवध एकेडमी के छात्र रहे रौनक दुबे पुत्र कमल दुबे निवासी ग्राम निवाड़ीकला का चयन नौसेना के अधिकारी के रूप में हुआ है। रौनक की स्कूली पढ़ाई अवध एकेडमी मे हुई। नौसेना के अधिकारी की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद अभ्यर्थी को सात दिन के इंटरव्यू सत्र से भी गुजरना पड़ता है। प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति दुल्हानी ने कहा कि बड़े पद पर पहुंचना हम सभी के लिए सम्मान की बात है।

### इंडिया गठबंधन प्रत्याशी जितेन्द्र 19 को करेंगे नामांकन

**इटावा।** 41 लोकसभा क्षेत्र इटावा से इंडिया गठबंधन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी जितेंद्र दोहरे 19 अप्रैल को 11 बजे अपना नामांकन दाखिल करेंगे। सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू एवं महासचिव वीरभान सिंह भदौरिया वीरू ने समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन के समस्त सम्मानित वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, मतदाताओं से 11 बजे जिला पंचायत पहुंचकर नामांकन में भाग लेने की अपील की है। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विकास गुप्ता विक्की ने दी।

### तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**इटावा।** एसओ जीआरपी शैलेष निगम ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ गस्त पर थे। सूचना पर उन्होंने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ आरोपी ने अपना नाम समीर पुत्र शिशुपाल निवासी स्टेट बैंक के पास गिहार कॉलोनी करहल बताया। आरोपी के खिलाफ चोरी आदि के सात मामले दर्ज है। उसे कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया।

### नामांकन को लेकर पुलिस ने किया रूट डायवर्जन

**इटावा।** लोक सभा चुनाव के लिए नामांकन की प्रकिया शुक्रवार से शुरू हो जाएगी। पुलिस ने कचहरी की ओर जाने वाले वाहनों के लिए रूट डायवर्जन किया है। भारी वाहनों पर शास्त्री चौराहे की ओर जाने पर प्रतिबंध है। चौधरी पम्प तिराहे से शास्त्री चौराहा डीएम चौराहा की ओर जाने वाली सवारी बसे अब भरथना चौराहा होते हुए शिकोहाबाद की ओर जा सकेगी। निजी छोटे वाहन डीएम चौराहे की ओर जा सकेगें। वही आई टीआई की ओर से आने वाले वाहन भारी वाहन हाईवे होकर ही आएंगे।

### बास्केटबाल चैंपियनशिप में दिखाना है हुनर...



**इटावा।** जिला बास्केटबाल एसोसिएशन बागपत के चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल, बड़ौत बागपत में 34वीं उत्तर प्रदेश स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए बालक एवं बालिका वर्ग की टीम बड़ौत रवाना हुई। जिला बास्केटबाल एसोसिएशन के सचिव धीरज पाठक ने बताया कि बालक वर्ग की टीम में लव यादव, आशीष सिंह चौहान, राज यादव, प्रियांशु यादव, अश्वनी कुमार, अभी यादव, तरुण चौहान, उत्कर्ष, आदित्य, प्रिंस व अनादि तथा बालिका वर्ग की टीम में साक्षी, युवना, अन्वी, यशी, सुरभि, अलंकृता, अनन्या, राशि मिश्रा व अंतरा शामिल हैं। टीम के कोच कुलदीप सिंह व टीम मैनेजर साधना तिवारी हैं। टीम के रवाना होने से पहले डीपीएस व एसएमजीआई के चैयरमेन विवेक यादव, बास्केटबॉल एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष एपी यादव ने खिलाड़ियों से मुलाकात की। ● अमृत विचार

# बालिका को बरामद कर परिजनों को सौंपा

**बकेवर, इटावा।** नवरात्र की नवमी के अवसर पर कस्बा लखना के पुराना नहर पुल पार से कन्या भोज में गई ननिहाल आई तीन वर्षीय बालिका अचानक लापता हो गई। पुलिस ने बालिका को बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

लखना नहर पुल पार निवासी प्रताप सिंह चौहान कन्धेशीघार वाले की बेटी आरती तोमर पत्नी धर्मेंद्र तोमर की पुत्री आराध्या सुबह 8 बजे पड़ोस में कन्या भोज ले लिए गई। वह अचानक लापता हो गई। जिस पर मां व नाना परेशान हो गए। काफी खोजबीन करने के बाद जब घर नहीं आई तो सोशल मीडिया ग्रुपों पर खबर डाल दी। इसके बाद लखना चौकी इंचार्ज ललित कुमार व हेड कांस्टेबल विजय दीक्षित ने उसको दीक्षितान मुहाल से बरामद करके परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# किसान के बेटे मोहित यादव बने आईएएस

संवाददाता सैफई (इटावा)

**अमृत विचार।** राह भले ही दुर्गम हो लेकिन सच्ची लगन और मेहनत से मंजिल को हासिल किया जा सकता है। ऐसा ही कर दिखाया किसान के बेटे ने। अपने परिश्रम से आईएएस बनने का सपना पूरा किया है। उनकी इस सफलता से परिवार ही नहीं बल्कि सैफई क्षेत्र के लोग खुशी से गदगद हैं।

सैफई तहसील क्षेत्र के गांव साहसारपुर निवासी राजेद्र सिंह यादव के बेटे मोहित यादव ने 12वीं तक की शिक्षा इटावा के सरस्वती इंटर कॉलेज में करने के बाद 2019 में यूपीटीटीआई में टेक्सटाइल केमिस्ट्री से बीटेक किया। इसके बाद रिलायंस इंडस्ट्री मुंबई में नौकरी शुरू की। वर्तमान में उनका पैकेज 20 लाख रुपये है। मोहित कहते हैं कि रुपये नहीं सपने मायने रखते हैं। बीटेक के दूसरे साल से ही इस सपने को पूरा करने की तैयारी कर दी थी। मोहित के पिता राजेंद्र सिंह यादव किसान और मां अनीता देवी गृहिणी हैं।


मोहित यादव।

लोकसभा चुनाव | कलेक्ट्रेट परिसर में डीएम न्यायालय कक्ष में भरे जाएंगे पर्चे

# नामांकन आज से, तैयारियां पूरी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- आंबेडकर चौराहे पर की गई बैरीकेडिंग, जांच के बाद आगे जाने दिया जाएगा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने का काम गुरुवार से शुरू हो जाएगा। इसके लिए प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी के न्यायालय कक्ष में प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसके लिए कलेक्ट्रेट परिसर के अंदर बैरीकेडिंग पहले ही कर दी गई थी और अब कचहरी तक जाने वाले मार्गों पर भी बैरीकेडिंग की गई है ताकि अनावश्यक लोग वहां ना जा सकें। डीएम चौराहे तथा आंबेडकर चौराहे पर बैरीकेडिंग कर दी गई है और यहां से चेकिंग के बाद ही आगे जाने दिया जाएगा। नामांकन के लिए सिर्फ पांच व्यक्ति ही कक्ष में जा सकेंगे इसकी जानकारी भी राजनीतिक दलों को दे दी गई है।



नामांकन पत्र भरे जाने का काम 18 अप्रैल से शुरू हो जाएगा जो 25 अप्रैल तक चलेगा। जिलाधिकारी के समक्ष नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। हालांकि इटावा लोकसभा क्षेत्र में इटावा तथा औरैया के दो-दो विधानसभा क्षेत्र तथा कानपुर देहात के सिकंदरा विधानसभा क्षेत्र को शामिल किया गया है, लेकिन इसका रिटर्निंग ऑफिसर जिलाधिकारी इटावा को बनाया गया है। इसके चलते नामांकन पत्र इटावा डीएम के न्यायालय कक्ष में दाखिल होंगे।

डीएम चौराहे के पास में एक खाली मैदान पड़ा है जहां वाहन खड़े करने की बात कही गई है। इसके साथ ही अपना कामकाज से कलेक्ट्रेट आने वालों के लिए पीडब्ल्यूडी के कार्यालय के बगल में स्थित गेट को खोल दिया गया है यहां से अपने कामकाज से कलक्ट्रेट आने वाले लोग आ सकेंगे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में नवविवाहिता की मौत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जसवंतनगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला श्याम नगर में एक नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में इटावा के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। हालत बिगड़ने पर पति और सास उसे निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मायके वाले मौके पर पहुंचे और ससुरालीजनों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया और पति व सास को हिरासत में ले लिया।


कल्पना।

फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में दोपहर करीब डेढ बजे उस समय हंगामा मच गया जब 25 वर्षीय कल्पना पत्नी प्रशांत यादव निवासी मोहल्ला श्याम नगर थाना जसवंतनगर को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंचे मायके वालों ने बेटी की हत्या का आरोप लगाया। कल्पना की बड़ी बहन प्रेमलता ने बताया कि 7 मार्च 2024 को बहन की शादी जसवंत नगर के मोहल्ला श्याम नगर में हुई थी। आरोप लगाया कि ससुराल के लोग कल्पना को दहेज के लिए परेशान करते थे। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है।

# खंती में पलटा ऑटो, चालक की गई जान

संवाददाता भरथना (इटावा)

- महिला, पुरुष और बच्चे समेत आधा दर्जन सवारियां घायल
- इटावा-कन्नौज निर्माणाधीन हाईवे पर हुआ हादसा

**अमृत विचार।** भरथना कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत इटावा कन्नौज निर्माणाधीन हाईवे पर ग्राम बंधारा मंदिर के पास बुधवार की दोपहर इटावा से सवारियां लेकर जा रहा एक ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में गिरकर पलट गया। हादसे में ऑटो चालक की मौत हो गई और आटो में सवार आधा दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया।

क्षेत्र के गांव नगला हीरामन निवासी धर्मेंद्र कुमार (23) पुत्र रवींद्र कुमार किराए पर आटो चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। वह बुधवार की दोपहर को सवारियां लेकर भरथना जा रहा था। आटो में आधा दर्जन लोग सवार थे। भरथना रोड पर गांव बंधारा के पास आटो अचानक अनियंत्रित हो गया। प्रत्यक्षदर्शी आशिफ महावीर, नगर भरथना ने बताया कि वह बस से जा रहा था। आगे कुछ दूरी पर एक ऑटो तेज रफ्तार से दौड़ रहा था। अचानक ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे बने एक गहरी खंती में गिरकर पलट गया। आसपास के लोग दौड़कर पहुंचे और आटो में फंसे लोगों को बाहर निकाला। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। आटो में सवारों में दीपक निवासी फ्रेंड्स कालोनी, जयवीर निवासी नगला पट भरथना, राधा पत्नी राम प्रकाश उनकी बेटी सोनम निवासी जसवंतनगर के अलावा दो अन्य लोग शामिल थे।




उन्हें मामूली चोटें आई थी। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। दुर्घटना में ऑटो चालक की मौत की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। उसकी ढाई वर्ष पूर्व शादी हुई थी, पति की मौत के बाद पत्नी रूमा सहित उसके परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा है।

# मैया के लगे जयकारे, भक्तों ने चढ़ाए झंडे और जवारे

## महानवमी पर जगह-जगह हवन पूजन के साथ कन्या भोज व भंडारों का आयोजन, महिलाओं ने किया कीर्तन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** चैत्र नवरात्र पर बुधवार को भक्तों को मनवांछित फल देने वाली मां जगदंबा के सिद्धिरात्रि स्वरूप की घरों व मंदिरों में पूजा की गई। भक्तों ने मंदिरों में जवारे व झंडे चढ़ाए। हवन-पूजन के बाद जगह-जगह कन्या भोज व भंडारों का आयोजन किया गया।

इटावा रोड स्थित काली माता मंदिर, बड़ी माता मंदिर, बीहड़ के मां मंगला काली दरबार में सुबह से ही जवारे व झंडा चढ़ाने वाले भक्तों की कतारें लगी रहीं। आगे बढ़ते हुए भक्त चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है, प्रेम से बोलो जय माता दी के जयकारे लगा रहे थे। आवास विकास कॉलोनी स्थित काली माता, फूलमती, शीतला देवी, संतोषी माता का भवन मातारानी के जयकारों से गूंजते रहे। देर शाम महाआरती में हजारों भक्त शामिल हुए। व्रत रख देवी भक्तों ने कन्या भोज का भी आयोजन किया। देर शाम तक मंदिरों में भजन-कीर्तन की गूंज रही। श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर स्वयं ही अपनी बारी का इंतजार करते दिखे।

बीहड़ स्थित मां मंगला काली के दरबार में भी भक्तों की भारी भीड़ रही। महाआरती में शामिल होने के लिए सैकड़ों देवी भक्त पहुंचे। सोमवार की रात काली माता मंदिर में मां के सातवें स्वरूप कालरात्रि का श्रृंगार किया गया। रात्रि दो बजे श्रृंगार पूर्ण होने पर आरती प्रसाद के बाद भक्तों ने झांकी दर्शन किए।


महामाई मैया के विग्रह की झांकी।


भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। अमृत विचार

### अछल्दा के महामाई मंदिर में माता रानी का शृंगार

**अछल्दा।** नगर के मंदिरों में मां के सिद्धिरात्रि स्वरूप का श्रृंगार हुआ। नवरात्र के नौवें दिन बुधवार को देवी मंदिरों व घरो में महामैया की पूजा हुई। कस्बा के नहर बाजार स्थित महामाई मैया मंदिर और मोहल्ला पुराना अछल्दा स्थित राजराजेश्वरी माता मंदिर, हरीगंज बाजार दुर्गा मंदिर में भक्तों ने मां की झांकी दर्शन किए। गांव इटेली स्थित प्राचीन सती माता मंदिर परिसर में एकादशी तक मेला का आयोजन होगा।

### भंडारे में सैकड़ों लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद

**औरैया।** बुधवार को रामनवमी पर्व पर महामाई मंदिर में विशाल भंडारा हुआ जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूड़ी, सब्जी, खीर एवं बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया। सुबह महामाई की आरती के बाद शुरू हुआ भंडारा देर शाम तक चलता रहा। आयोजक अशोक चंदेल कल्लू, रामराज सिंह, सुधीर राजपूत, प्रमोद सक्सेना, ललित मिश्रा, बड़े बाबू शुक्ला, कुलदीप राजपूत, राजेश चंदेल बीनू एवं उमेश पोरवाल आदि ने सहयोग किया वहीं मंदिर के मुख्य मार्ग के दाहिने किनारे परदिबियापुर निवासी राजीव मिश्रा, अंकित पोरवाल, रोहित मिश्रा एवं अनुज आदि सामाजिक कार्यकत्ताओं ने मदिर आने वाले भक्तों को पेठा के साथ ठण्डे पानी के पाउच वितरित किए।

### उमड़ा श्रद्धा का सैलाब लोगों ने की खरीदारी

**औरैया।** दिबियापुर नगर से सटे गहेसर के पास स्थित सिद्धपीठ महामाई मंदिर में बुधवार को सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। चैत्र नवरात्र की नवमी पर व्रत करने वाले भक्तों ने मंदिर में जवारे चढ़ाकर मइया की पूजा-अर्चना की। हजारों श्रद्धालुओं ने मातारानी के दरबार में पहुंचकर उनके दर्शन किए। नगर क्षेत्र में महामाई मइया की विशेष महत्ता है प्रत्येक सोमवार को भी क्षेत्र के सैकड़ो भक्त मंदिर में जाकर पूजा अर्चना करते हैं। पिछले माह प्रशासन द्वारा मुख्य मार्ग से मंदिर तक जाने वाले रास्ते पर टीन शेड डलवा देने तथा यहां लगने वाली प्रसाद की दुकानों को पीछे हटवाने से भक्तों को काफी सहूलियत रही। मंदिर में थाना पुलिस द्वारा की गई व्यवस्था से दर्शनार्थियों को दर्शन करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। मंदिर परिसर में लगे मेला में सैकड़ो दुकानों पर लोगों ने दैनिक उपयोग की वस्तुओं की जमकर खरीददारी की। छोटे-बड़े झूलों में बच्चों और महिलाओं ने जमकर लुफ्त उठाया। इस दौरान श्रद्धालुओ ने मंदिर के नीचे बने भवन में कन्या भोज भी कराया।


देवी जागरण में सजी झांकी। अमृत विचार

# देवी गीतों पर पूरी रात झूमे श्रद्धालु

**फफूंद, औरैया।** नगर के ककोर मार्ग पर स्थित महावीर धाम मंदिर परिसर में नवयुवकों की ओर से नवरात्र के अष्टम दिन गुरुवार की रात देवी जागरण का आयोजन किया गया। इस दौरान कलाकारों ने देवी गीत एवं झांकी प्रस्तुत कर श्रोताओं को पूरी रात बांधे रखा। कार्यक्रम की शुरुआत में आयोजन समिति द्वारा कलाकारों को सम्मानित किया गया।

इसके बाद कलाकारों ने देवी गीत- निमिया की डाल मईया, हम तेरे द्वार आए हैं मां.., ए हो थावे वाली मईया..चलो बुलावा आया है माता ने बुलाया है.., मइया का चोला लाल-लाल.. सहित अन्य भजन गाकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। पूरी रात श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। इस दौरान कलाकारों ने शिव जी, दुर्गा जी, हनुमान जी समेत अन्य देवी-देवताओं की झांकी प्रस्तुत की।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिवम चौबे, कृपाशंकर शुक्ला, धीरज शर्मा, छोनू शुक्ला, अनुराग तिवारी, मोनू अग्निहोत्री, सोनू अग्निहोत्री, आशीष अग्निहोत्री, विशाल त्रिपाठी, अन्ना तिवारी, अंशू शुक्ला, अश्विनी पाण्डेय, मनोज दुबे आदि का सहयोग रहा।

# नवविवाहिता को दहेज के लिए बनाया बंधक

संवाददाता बिधूना, औरैया

● पीड़िता की मां ने ससुरालियों के खिलाफ कोतवाली पुलिस को दिया शिकायती पत्र

**अमृत विचार।** एक नवविवाहिता को दहेज की मांग की खातिर मारपीट कर प्रताड़ित करने के साथ घर में बंधक बनाने का नवविवाहिता की मां ने आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की गुहार लगाई है। कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

धर्मगंदपुर थाना के अंतर्गत तिर्वा, जिला कन्नौज निवासी शशि पत्नी छुन्नालाल ने बुधवार को कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा कि उसने अपनी पुत्री प्रिया देवी की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व अखिलेश पुत्र रामलखन निवासी भानूपुर थाना बिधूना के साथ की थी। आरोप है कि दिए गए दहेज से ससुराली संतुष्ट नहीं हुए और अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। शिकायतकर्ता के अनुसार बुधवार को उसके पास फोन आया कि उसकी पुत्री को पति अखिलेश, जेठानी खुशबू, ससुर छुन्नालाल ने मारपीट की है और उसकी पुत्री को घर में बंधक बनाए हुए हैं। शिकायत पर निरीक्षक अपराध भूपेंद्र सिंह ने मामले की जांच कर दोषी जनों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने तुर्कीपुर कार्यालय में किया कन्या पूजन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय तुर्कीपुर में जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में नवरात्र नवमी/रामजनमोत्सव रामनवमी पर जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ कन्या भोज कराया गया। सुंदरकांड होने के बाद माता रानी की आरती की गई। इसके बाद जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने कन्याओं के पैर धूले और उनके चरण वंदन किया। बड़ी संख्या में मौजूद कन्याओं को अपने हाथों से भोजन परोसा।


कन्याभोज कराते भाजपा जिलाध्यक्ष।

**जवारों के साथ निकाली यात्रा: अजीतमल।** अयाना थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जसवंतपुर निवासी देवेंद्र प्रजापति ने माता रानी का नव दिवसीय व्रत रखा और मनोकामना पूर्ण होने पर जवारे रखकर माता रानी का जगराता भी किया।

चैत्र माह की नौरात्रि के राम नवमी के दिन अपनी मन्नत पूरी होने पर माता रानी के जवारे के साथ फूलमति मंदिर रोशनपुर में झंडा चढ़ाया। जिसमे गाजे बाजे के साथ काफी मात्रा में ग्रामीण महिलाएं, पुरुष और बच्चो ने भाग लिया। दुर्गा माता के मंदिर की मान्यता है कि यहां रामनवमी और दशमी को दो दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। आसपास के करीब दर्जनों गांव के लोग इस प्रसिद्ध दुर्गा मंदिर में अपनी मानो कामना मांगने आते हैं और पूर्ण होने पर माता रानी की सेवा करते हैं। इस अवसर पर कन्याभेज भी किया गया।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बेला /बिधूना/औरैया।** बेला थाना क्षेत्र के ग्राम कोहराई निवासी रविंद पुत्र अहिबरन, कौशल पुत्र सुभाष सविता बाइक से बिधूना बाजार करने गए थे। लौटते समय कैथावा मोड़ पर ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर हो गई जिसमें कौशल (19) की घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि रविंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी बिधूना में भर्ती कराया गया जहां से मिनी पीजीआई सैफई रेफर कर दिया गया है। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी विनेश कुमार टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। थाना पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## सार-संक्षेप


शोभायात्रा में शामिल देवी-देवताओं की झाकियां। अमृत विचार

### श्रीराम के नारों से नगर हुआ गुंजायमान

**औरैया।** दिबियापुर में बुधवार को रामनवमी पर श्रीराम शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें नगर के हजारों लोग शामिल हुए। वहीं नगर में चारों ओर श्रीराम के नारों से नगर गूंज रहा था। पूरा नगर दिबियापुर भगवा ध्वज से पाट दिया गया। दोपहर 2:00 बजे से ही श्रीराम भक्तों का नारायणी मंडपम में आना शुरू हो गया और देखते ही देखते हजारों की तादात में भीड एकत्रित हो गई। श्रीराम युवा के अध्यक्ष आशीष दुबे ने बताया यह यात्रा दिव्यापुर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। इसके बाद औरैया रोड पर स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में शाम 8:00 बजे महा आरती एवं 5100 दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्रीराम सेना के अध्यक्ष आशीष दुबे, नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्र, मनोज दुबे, मोहित सिंह, श्रद्धा मनू चौहान, साधना गुप्ता, प्रीति पोरवाल, लक्ष्य, रमाकांत, सभासद राहुल दीक्षित सहित हजारों लोगों ने भागीदारी की।

### पति-पत्नी में से किसी एक को चुनाव ड्यूटी से मिलेगी राहत

**औरैया।** दंपति कार्मिकों की समस्या को लेकर गंभीर शिक्षक संगठन-यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन (यूटा) के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राठौर के मांग पत्र के क्रम में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पूर्व की व्यवस्था के अनुसार पति-पत्नी में से किसी एक को उनके प्रार्थना पत्र के आधार पर चुनाव ड्यूटी से मुक्त किए जाने हेतु समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। यह जानकारी देते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष ओमजी पोरवाल ने बताया है कि संगठन की पहल पर गत लोकसभा चुनाव वर्ष 2019 एवं विधानसभा चुनाव 2022 में "ऐसे पति-पत्नी जो दोनों ही सरकारी सेवा में है उनकी बच्चों के देखभाल की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए उनमें से किसी एक को चुनाव ड्यूटी से मुक्त रखने हेतु निर्देश दिए गए थे। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह राठौर ने अपने पत्र के माध्यम से चुनाव आयोग के संज्ञान में लाया गया था कि चुनाव में पोलिंग ड्यूटी हेतु कार्मिकों को एक दिन पूर्व ही पहुंचना होता है और रात्रि प्रवास पोलिंग स्टेशन पर ही करना होता है ऐसे में यदि पति-पत्नी दोनों की ड्यूटी लग जाती है तो उनके बच्चों की देखभाल का गंभीर संकट उनके समक्ष रहता है। इस पर प्रदेश के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चंद्रशेखर ने समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी को पूर्ववत कार्यवाही के निर्देश दिए हैं।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार अधिवक्ता की मौत

**बिधूना, औरैया।** एक के कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे बाइक सवार अधिवक्ता को कार ने टक्कर मार दी। इससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है। चालक मौके से भाग गया। कस्बा के मोहल्ला लोहिया नगर निवासी पंकज बंधुवर (45) बिधूना तहसील में अधिवक्ता हैं। मंगलवार रात करीब पौने आठ बजे वह बाइक से गांव सहार में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। तभी बेला मार्ग के सहार मोड़ पर पीछे से कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस उन्हें सीएचसी ले गई। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद चालक मौके से भाग गया। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर थाने में खड़ा करा दिया है। सूचना पर अस्पताल पहुंची पत्नी रीना, बेटा करन, हिमांशू का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जानकारी पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार ने मामले की छानबीन की। उन्होंने बताया कि कार नंबर के आधार पर चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। रिर्पो दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।


पंकज बंधुवर।

# आग ने ढाया कहर, पांच घर जलकर खाक

संवाददाता अछल्दा, औरैया

**अमृत विचार।** आग की तेज लपटों ने पांच घर तबाह कर दिए। ग्रामीणों ने पास में बने तालाब से पानी लेकर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी ने आग की सूचना एसडीएम को दी।

विकास खंड की ग्राम पंचायत ग्वारी के मजरा वीरपुर में बुधवार दोपहर करीब साढ़े 3 बजे अचानक मुन्नालाल पुत्र कालीचरण के घर के बाहर पड़े छप्पर में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने बगल में बने राम प्रकाश के घर को लपेटे में ले लिया। जिसमें उनका गल्ला सहित गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पास में ही रमेश पुत्र लालाराम के घर को आग की तेज लपटों ने अपने लपेटे में ले लिया। जिससे इनके घर में रखा गल्ला सहित गृहस्थी का सामान जल गया। इनके घर पर रह रहे राजकुमार तथा बबलू की गृहस्थी भी आग के लपेटे में आ गई। आग की लपटें इतनी तेज थी जिससे आसपास के पेड़ भी झुलस गए। वहीं पास में बने तालाब से ग्रामीणों ने बाल्टी से पानी भरकर आग पर काबू पा लिया। घटना के करीब पौने दो घंटे बाद फायर बिग्रेड की गाड़ी पहुंच सकी। थानाध्यक्ष अशोक कुमार उपाध्याय ने मौके पर पहुंचकर उपजिलाधिकारी बिधूना को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंचे लेखपाल धीरेन्द्र कुमार ने नुकसान का आंकलन कर रिपोर्ट शासन को भेज दी। उपनिरीक्षक सतेन्द्र कुमार, उपनिरीक्षक पहलवान सिंह, पूर्व प्रधान प्रमोद यादव व अन्य मौजूद रहे।


आग से जलकर राख हुए घर से उठता धुंआ। अमृत विचार

● लेखपाल ने नुकसान का आकलन कर शासन को भेजी रिपोर्ट

### 11 बीघा गेहूं की फसल जली

**बिधूना।** आग से किसानों की तबाही का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। बीते दिवस बराहार में अज्ञात कारणों से लगी आग से किसानों की लगभग तीन हेक्टेयर से अधिक खड़ी गेहूं की फसल की तबाही का मंजर अभी भुला भी नहीं पाये थे कि बुधवार को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पसुआ में खेतों से होकर निकली विद्युत लाइन से निकली चिंगारी से आधा दर्जन किसानों की गेहूं की लगभग एक हेक्टेयर खड़ी फसल आग लग जाने से जलकर तबाह हो गई। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस व ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग से गनेश पुत्र हरी सिंह की एक, महेश सिंह की ढाई बीघा, नरेश की डेढ़ बीघा, अहिवरन सिंह की दो बीघा, गुंजन की दो बीघा, व गोपाल की दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई है। उप जिलाधिकारी हरिश्चंद्र व तहसीलदार रणवीर सिंह ने बताया है कि क्षेत्रीय लेखपाल को पीड़ित किसानों की तबाह हुई फसल का आकलन करने को कहा गया है।

# शादी से पांच दिन पहले खेत में मृत मिला युवक

बेला /बिधूना/औरैया

● परिजनों ने गांव की ही प्रेमिका के परिजनों पर लगाए आरोप

**अमृत विचार।** बेला थाना क्षेत्र के ग्राम करौली में खेतों के बीच खड़े एक पेड़ की डाल पर फांसी के फंदे पर शव लटका मिला। थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बेला थाना क्षेत्र के ग्राम करौली निवासी इंदल (22) पुत्र उजयारे का शव खेतों के बीच नीम के पेड़ की डाल पर फांसी के फंदे पर लटका देख ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने शव को पेड़ से नीचे उतार कर थाना पुलिस को सूचना दी।

उप निरीक्षक मनीष यादव सहयोगी दल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। थाना प्रभारी निरीक्षक बिनेश कुमार ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। तहरीर मिलने एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

मृतक के भाई सुमित ने भाई की हत्या कर शव पेड़ की डाल से लटकाए जाने की आशंका जतायी है। उसने कहा कि इंदल का विवाह होने वाला था जिसका तिलक 21 अप्रैल 2024 को था और 23 अप्रैल को माहते पुरवा तिर्वा कन्नौज बरात जानी थी।

सुमित ने बताया कि उसके भाई का गांव की ही लड़की से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसके चलते उसकी प्रेमिका के परिजनों द्वारा हत्या कर शव पेड़ की डाल से लटका दिया गया है।

धर्म-अध्यात्म

जिला मुख्यालय के निकट नौली गांव में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का हुआ समापन

# सभी को शास्त्रों के अनुसार करना चाहिए आचरण


व्यास जी की पूजा करते परीक्षित दंपति। अमृत विचार

संवाददाता ककोर, (औरैया)

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय के निकट नौली गांव में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन श्रीमद् भागवत कथा वाचक सतीश अवस्थी ने श्रोताओं को भागवत कथा में गोवर्धन पूजा, सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाया।

कथा व्यास ने कहा कि जहां सत्य व भक्ति का समन्वय होता है। वहां ईश्वर का आगमन अवश्य होता है। भगवान की कृपा तब होती है जब जीव अपना कर्म करके भगवान पर छोड़ देता है। सारी दुनिया का पालन-पोषण भगवान कर रहे हैं। भगवान को अपने भक्त का इंतजार रहता है। हमें शास्त्र के अनुसार चलना चाहिए।

उन्होंने गोवर्धन पूजा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार गोवर्धन पर्वत को उठाकर श्री कृष्ण ने इंद्र देव के कोप से गोकुल वासियों की रक्षा की थी। आरती के बाद सबको प्रसाद वितरण किया गया। परीक्षित राघव माधव ईशु, सहित सैकड़ों श्रोता मौजूद रहे। कथा का समापन 18 अप्रैल को पूर्ण आहुति और भंडारे के साथ किया जाएगा।

# शोभायात्रा में उमड़ा भक्तों का हुजूम

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** जिला मुख्यालय के निकट हनुमान मंदिर सेहुद धाम से बुधवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जहां 17 से 23 अप्रैल तक कथा में रघुनाथ की महिमा का बखान किया जाएगा।

पुजारी राम प्रिय दास बाल योगी ने बताया हनुमान महाराज की कृपा से प्राचीन मंदिर में यह द्वितीय वार्षिक कार्यक्रम कराया जा रहा है। मंदिर के प्रति लोगों में अटूट श्रद्धा भाव भक्ति है। इसमें भगवान श्री राम के जन्म से लेकर बाल लीला तथा रावण वध की कहानी के साथ राम राज्याभिषेक तक की कथा का वर्णन सुनाया जाएगा। शोभायात्रा में भक्तों का भारी हुजूम साथ में चल रहा था। जिसमें दिबियापुर के अलावा आसपास के अन्य भक्त भी शामिल रहे। गुरुवार से रघुनाथ की कथा दोपहर 2:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक चलेगी। इस कथा की व्यास पंडित पुनीत मिश्रा की अगुवाई में आज परिक्षित रामकुमार अवस्थी पत्नी संध्या अवस्थी ने सभी भक्तो का अभिवादन किया और इस शोभायात्रा मेंआए भक्तों के साथ पैदल चलकर श्री राम दरबार में हाजिरी लगाई।


कलश यात्रा में सिर पर रामायण लेकर चल रहे परीक्षित राम कुमार अवस्थी व संध्या।

# लो वोल्टेज व ट्रिपिंग से लोग हुए परेशान

**कंचौसी।** असेनी बिजली उपकेंद्र से जुड़े नोगवा फीडर के कंचौसी रेलवे स्टेशन के पास बसी बस्ती पुरवा महिपाल में बिजली आपूर्ति में लो वोल्टेज व ट्रिपिंग की समस्या से लोग परेशान हैं। कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का हल नहीं निकाला जा रहा है। उपकेंद्र से जुड़े नोगवा फीडर के पुरवा महिपाल में बिजली आपूर्ति की जाती है। गांव के लोगों का कहना है कि इस समय बिजली आपूर्ति का पता ही नहीं चल पाता कि कब आई और कब चली गई। वहीं लो वोल्टेज कोढ़ में खाज का काम कर रहा है। घर में लगे कूलर, पंखा, फ्रिज आदि इलेक्ट्रानिक उपकरण केवल शोपीस बने हुए हैं। पंखे व कूलर की धीमी रफ्तार देखकर संतोष तो रहता है कि उनके घर में बिजली आपूर्ति हो रही है, लेकिन उमस भरी भीषण गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। इतना ही नहीं जिन लोगों ने अपने घर में मोटर लगा रखा है वह भी हैंडपंप का सहारा ले रहे हैं। असेनी एसडीओ अनुराग पांडेय ने बताया लो वोल्टेज की समस्या को ठीक किया जा रहा है।

# बाइकों की टक्कर में दो की मौत, पांच घायल

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर थाना क्षेत्र के दिबियापुर-औरैया रोड पर गांव नगला जयसिंह के पास दो बाइकों की जोरदार टक्कर हो गई। इसमें दोनों के चालकों की मौत हो गई। जबकि पीछे बैठी मां-बेटी समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों को सैफई रेफर कर दिया गया।

बुधवार की दोपहर तीन बजे औरैया-दिबियापुर मार्ग पर गांव नगला जयसिंह के पास दो बाइकों की भिड़ंत हुई। दुर्घटना में दोनों बाइकों पर सवार एक बच्ची समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग बिधूना के कुचैली निवासी लउआ सिंह (61) को चिचौली अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी बेटी बेबर की नगला कैली निवासी आराधना पत्नी महेंद्र सिंह एवं नातिन वंशू को दिबियापुर सीएचसी में भर्ती कराया गया।

वहीं दूसरी बाइक पर सवार सहायल के पहाड़पुर निवासी छुन्नीलाल पुत्र नाथूराम एवं उसके साथी औरैया में तिलक नगर सैनिक कॉलोनी निवासी सुनील कुमार (27) पुत्र अजय कुमार को भी दिबियापुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। लउआ सिंह को चिचौली अस्पताल में व सुनील कुमार को दिबियापुर सीएचसी में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घायल आराधना एवं छुन्नी लाल को सैफई रेफर कर दिया गया।

दिबियापुर थाने के प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू चौहान एवं एनटीपीसी चौकी प्रभारी सोनी रावत ने घटनास्थल पर पहुंचकर जानकारी ली। प्रभारी निरीक्षक मुकेश बाबू ने बताया कि लउआ की शिनाख्त उनके बेटों ने पहुंचकर कर की। जबकि सुनील कुमार की शिनाख्त उसकी जेब में मिले आधार कार्ड एवं ई श्रम कार्ड से हुई है। कुचैली बिधूना निवासी लउआ बेटी आराधना और नातिन वंशू के साथ अपने साले के बेटे की शादी में सम्मिलित होने कानपुर देहात जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया।

